तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025

12 375 करोड़ की पहली किस्त जारी, निजी अस्पतालों ...




14 आवारा कुत्ते से बचाने गए छोटे भाई पर भी किया था हमला



# एयरपोर्ट के ऊपर दो चक्कर लगाकर भुवनेश्वर चली गई एयर इंडिया की फ्लाइट, दो घंटे बाद लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दिल्ली से उड़ान भरकर सुबह साढ़े आठ बजे रायपुर पहुंची फ्लाइट स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के ऊपर दो चक्कर लगाकर भुवनेश्वर चली गई। बादलों की वजह से दृश्यता कम होने के कारण लैंडिंग की अनुमति नहीं मिलने की जानकारी पर यात्री सकते में आ गए। भुवनेश्वर पहुंचे यात्रियों को पानी तक नहीं पूछा गया, जिसे लेकर नाराजगी जाहिर की गई। लगभग दो घंटे बाद वापस रायपुर पहुंचने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

फ्लाइट में भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा सराईपाली के प्रखर अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। उनके साथ यात्रा कर रहे तनय लुनिया ने बताया कि वे राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में शामिल होकर दिल्ली से लौट रहे थे। सुबह साढ़े 5 बजे की फ्लाइट पकड़ने के लिए वे रातभर नहीं सोए थे। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2793 अपने निर्धारित समय में दिल्ली से उड़ी और सही समय पर रायपुर पहुंच गई थी। यहां लैंडिंग को देखते हुए यात्री अपनी सीट बेल्ट बांध रहे थे, तभी एयरक्राफ्ट ने विमानतल के ऊपर दो चक्कर लगाया और लैंड होने के बजाए पुनः आसामान पर चला गया। फ्लाइट के भीतर अनाउंस हुआ कि विजिबलिटी नहीं होने की वजह से फ्लाइट को उतारने की अनुमति नहीं मिली, इसलिए उसे भुवनेश्वर ले जाया जा रहा है। वहां पहुंचकर यात्रियों ने नाश्ता, यहां तक कि विमानन कंपनी के स्टाफ द्वारा पानी तक नहीं पूछने पर नाराजगी जाहिर की। लगभग दो घंटे वहां रुकने बाद फ्यूल भरकर फ्लाइट पुनः उड़ान भरकर 10.30 बजे रायपुर पहुंची। फ्लाइट से बाहर निकलने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## सुबह साढ़े आठ बजे दिल्ली से आती है फ्लाइट, यात्रियों को पानी तक नहीं दिया

### अन्य फ्लाइट पर असर नहीं

दिल्ली से रायपुर आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट का संचालन ही रायपुर में लो-विजिबलिटी के कारण प्रभावित हुआ। शेष विमानों का ऑपरेशन बिना किसी व्यवधान के पूरा हुआ। विमान के यात्रियों द्वारा इसे लेकर भी संदेह जाहिर किया जाता रहा है। उनका यह भी कहना था कि विमान का संचालन प्रभावित हुआ, तो यात्रियों की जरूरी सुविधाओं का ध्यान रखा जाना था, मगर फ्लाइट कंपनी ने इसे नजर अंदाज कर दिया।




## खबर संक्षेप

### ऑटो नहीं रोकने पर मारपीट

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना में एक ऑटो चालक ने एक युवक के खिलाफ ऑटो नहीं रोकने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोटा निवासी समीर शेख ने राहुल के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। समीर ने पुलिस को बताया है कि वह रात के समय खाना खाने ऑटो लेकर घर जा रहा था। रास्ते में राहुल ने हाथ देकर ऑटो रोकने का इशारा किया। ऑटो नहीं रोकने पर राहुल ने समीर के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर राहुल ने समीर के साथ मारपीट की।

### एनआईटी कैंपस में एनसीसी ऑफिस से चोरी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एनआईटी कैंपस स्थित सीजी-5 बटालियन एनसीसी कार्यालय में तैनात एक कांस्टेबल ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हवलदार ओमाराम माचरा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। ओमाराम ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर एनसीसी कार्यालय के स्टोर रूम का ताला तोड़कर 10 हजार रुपए कीमत के अनुपयोगी कंप्यूटर सहित अन्य इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गया है।



### आपसी रंजिश पर मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ आपसी रंजिश पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विकास विहार निवासी हरीश बेलानी ने विक्की पंजवानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हरीश ने पुलिस को बताया है कि वह होटलों में राशन सप्लाई का काम करता है। होटल से राशन छोड़कर अपने घर जा रहा था। सुंदर नगर के पास विक्की ने रास्ता रोक कर हरीश के साथ मारपीट की।

### बैट्री का किराया मांगने पर मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाना में एक युवक ने दो लड़के तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ बैट्री किराया मांगने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुमित गायकवाड़ ने रामकरण, रतन साहू तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुमित ने पुलिस को बताया है कि वो रामकरण से बैट्री किराया 22 सौ रुपए मांगने गया था। गणेश पंडाल के पास बैठे रामकरण ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुमित के साथ विवाद कर मारपीट की।

## हरिभूमि ने लाइव पड़ताल कर लाउडनेस मीटर से धुमाल-डीजे से निकलने वाले साउंड की तीव्रता को मापा


# कानफोड़ू शोर में आदेश गुम, 75 डेसिबल से कम का फरमान, लेकिन धुमाल-डीजे का धमाल 120 डेसिबल तक

### लाउडनेस मीटर माप में ध्वनि की तीव्रता 100 से 120 डेसिबल तक मिली

**केस:1-**
मोतीबाग चौक के पास गणेश मूर्ति को डीजे-धुमाल के साथ ले जाया जा रहा था। यहां ऑनलाइन लाउडनेस मीटर ध्वनि की तीव्रता 107 से 108 डेसिबल तक मापी गई।

**केस:2-**
कालीबाड़ी चौक पर भी इसी प्रकार डीजे-धुमाल के साथ गणेश मूर्ति स्थापित करने ले जाई जा रही थी। यहां भी ध्वनि की तीव्रता 110 मापी गई।

**केस:3-**
श्याम टॉकीज के पास से डीजे-धुमाल के साथ गणेश मूर्ति को स्थापना के लिए ले जाया जा रहा था। यहां भी ध्वनि की तीव्रता 109 से लेकर 110 मापी गई।




लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर में डीजे-धुमाल के संचालकों सहित कुछ गणेश उत्सव समितियों ने पहले ही दिन जिला एवं पुलिस प्रशासन के आदेशों की धज्जियां दी। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन में डीजे बजाने पर प्रतिबंध के अलावा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शोर 75 डेसिबल से कम रखने का आदेश जारी किया गया है, जिसका पहले ही दिन पालन नहीं हुआ। प्रतिमाओं को लाने और ▶▶| शेष पेज 13 पर







### सभी डीजे-धुमाल की ध्वनि तीव्रता 100 डेसिबल से अधिक

हरिभूमि की इस पड़ताल से स्पष्ट है कि शहर में जितनी भी डीजे-धुमाल पार्टी गणेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान बजा रही है, उनमें से निकलने वाली ध्वनि की तीव्रता 100 डेसिबल से ज्यादा है।

### 75 डेसिबल से ज्यादा तीव्रता वाली ध्वनि पर कार्रवाई

कोर्ट के आदेश के तहत ध्वनि यंत्र की तीव्रता अधिकतम 75 डेसिबल होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पुलिस को निर्देशित किया है।
- **उमाशंकर बंदे**, एडीएम रायपुर

### *कार्रवाई करने से बच रही*

*प्रशासन की ओर से सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित है, वहीं अन्य लाउडस्पीकर की ध्वनि की तीव्रता भी 75 डेसिबल से कम होनी चाहिए। इससे अधिक ध्वनि में अगर कोई लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि यंत्र बजा रहा है, तो संबंधित व्यक्ति, समिति के विरुद्ध कार्रवाई करें। यही नहीं, रात 10 बजे के बाद भी ध्वनि यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद भी देर रात तक डीजे-धुमाल बजाए जा रहे हैं। इधर प्रशासन के इस निर्देश के बाद भी पुलिस नियमों को तोड़ने वाली गणेश समिति एवं डीजे-धुमाल संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है।*

### *कालीबाड़ी चौक का मुख्य मार्ग किया ब्लॉक*

*कालीबाड़ी चौक पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा के पास मुख्य मार्ग की एक तरफ की सड़क को गणेशोत्सव समिति के लोगों ने कई घंटे तक बंद कर दिया था, जिससे आवागमन भी बाधित एवं प्रभावित रहा। ताज्जुब की बात यह है कि जिस सड़क को बंद किया, वहां यातायात पुलिस के बैरिकेड्स लगाए गए थे। इससे पता चलता है कि सड़क को बंद करने में पुलिस का भी सहयोग लिया गया, जबकि प्रशासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी पंडाल के कारण यातायात व्यवस्था बाधित की स्थिति बनती है, तो कार्रवाई होगी।*

## गणेश चतुर्थी के दिन सुबह लोगों के घरों में नहीं आया पानी

# 42 में 39 टंकियां रह गईं सूखी पानी के लिए तरस गए शहरवासी

- मंगलवार की शाम तेज गर्जना से बिजली के 15 पोल के एरिस्टर उड़ गए
- फिल्टर प्लांट की पावर सप्लाई ठप, टंकियां नहीं भर पाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गणेश चतुर्थी के मौके पर बुधवार सुबह शहर की 39 पानी टंकियां सूखी रहीं, लोगों के घरों में लगे नलों से बूंद भर पानी नहीं आया। इसके कारण राजधानी वासी पानी के लिए तरस गए, बिना किसी सूचना के जल आपूर्ति प्रभावित होने से लोग हैरान रहे। वहीं, रातभर तीज उपवास रखने के बाद महिलाएं सुबह से पानी के लिए भटकती नजर आईं। लोगों ने सुबह को अचानक जल आपूर्ति ठप होने पर जोन दफ्तर और वार्ड पार्षद के यहां फोन कर इसकी शिकायत की। बाद में उन्हें पता चला कि मंगलवार शाम तेज बारिश और गर्जना के कारण सीएसईबी के 15 पोल के एरिस्टर उड़ गए। इसकी वजह से फिल्टर प्लांट की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और 42 में 39 पानी टंकियों को भरा नहीं जा सका। केवल पुराना देवेन्द्र नगर, बैरन बाजार पानी टंकी और नलघर के 4 नंबर की पानी टंकियां पुराना सिस्टम से कनेक्ट होने के कारण प्रभावित नहीं हुईं। दरअसल, शहर के बड़े इलाके में बुधवार सुबह जल आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। लोग सुबह-सुबह पानी के लिए परेशान हो गए। उन्हें एकाएक समझ नहीं आया कि नगर निगम का नल आज कैसे नहीं खुला। भुक्तभोगियों ने नल नहीं खुलने की शिकायत निदान 1100, जल विभाग और वार्ड पार्षदों से भी की। कुछ लोगों ने प्रभावित इलाकों में पानी टैंकर तत्काल भेजने को कहा। कुल मिलाकर यह स्थिति अधिकतर जगहों पर रही। तीज त्योहार के कारण कई घरों में मेहमानों को जहां पानी के लिए परेशान होना पड़ा, वहीं कई घरों में पुरुष ▶▶| शेष पेज 13 पर



### 2 से 3 मीटर ही भर पाए पानी टंकी

फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि मंगलवार शाम बारिश के साथ बिजली चमकने के दौरान सीएसईबी के 33 केवी लाइन वाले 15 पोल के एरिस्टर उड़ गये, इसे बदलने में बिजली विभाग को काफी समय लगा। फिल्टर प्लांट की बिजली आपूर्ति ठप होने से टंकियां नहीं भर पाईं। रात में मरम्मत का काम चला, बुधवार सुबह 5 बजे तक पानी टंकियां भरने का प्रयास किया गया, जिसमें प्रभावित टंकियां मात्र 2 से 3 मीटर ही भर पाईं, इसलिए जल आपूर्ति नहीं कर पाए। सभी जोन कमिश्नरों को उनके मोबाइल में सुबह ही सूचना दे दी गई है कि वे अपने प्रभावित इलाकों में विभागीय टैंकर से जल आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### शाम को आया नलों में पानी

राजधानी की 43 पानी टंकियों में बुधवार शाम नगर निगम के जल विभाग ने नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध कराई, तब कहीं जाकर शहरवासियों ने राहत की सांस ली।




## मकान बेचने का झांसा देकर 62 लाख की ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने की पुलिस ने मकान बिक्री करने का झांसा देकर एक वर्ष पूर्व बिहार के एक व्यक्ति से 62 लाख की ठगी करने के आरोप में बाप-बेटी को गिरफ्तार किया है। घटना में आरोपी बनाया गया बेटा फरार है। अख्तर अली की शिकायत पर पुलिस ने 71 साल के बुजुर्ग असरफ अली तथा उसकी बेटी फिरोजा को गिरफ्तार किया है। अख्तर ने पुलिस को बताया है कि उसने असरफ ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## सुकमा में सर्वाधिक 210 मिमी. वर्षा, रायपुर का पारा 33

# बस्तर में भारी बारिश, राजधानी समेत शेष इलाकों में सूखे जैसी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा से लगी बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से बस्तर में भारी बारिश हुई और राजधानी समेत शेष इलाकों में सूखे जैसी स्थिति रही। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा में सर्वाधिक 210 मिमी. वर्षा हुई और रायपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

प्रदेश में बारिश के लायक सिस्टम बना हुआ है, मगर इसका अलग-अलग हिस्से में असर हो रहा है। अभी सिस्टम के प्रभाव से बस्तर में भारी से अतिभारी बारिश परेशानी का कारण बनने लगी है। वहां की तमाम नदियों में जलस्तर बढ़ गया है जो कई अप्रिय घटनाओं का कारण बन रहा है। पिछले चौबीस घंटे में इसी तरह की स्थिति बनी रही और वहां सबसे कम वर्षा 50 मिमी. की रही। दूसरी ओर बुधवार को प्रदेश के अन्य इलाकों में सूखे जैसा माहौल रहा। राजधानी में धूप निकली रही जो थोड़ी गर्माहट का कारण बनी और तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक हो गया। मौसम विशेषज्ञों के ▶▶| शेष पेज 13 पर

# 375 करोड़ की पहली किस्त जारी, निजी अस्पतालों को आयुष्मान का लंबित भुगतान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना का बहिष्कार करने की चेतावनी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों को लंबित भुगतान करना शुरू कर दिया है। इसके लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए प्रावधानित राशि की पहली किस्त के रूप में 375 करोड़ रुपये जारी किया गया है। दावा किया जा रहा है कि भुगतान आर्थिक समस्या से जूझ रहे अस्पतालों को राहत देगा। इस बीच पुराने वित्तीय वर्ष के जनवरी से मार्च की पेंडिंग राशि के भुगतान पर संशय जताया जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया ने निजी

- वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली किस्त देगी अस्पतालों को राहत




- जनवरी-मार्च की पेंडिंग राशि के भुगतान पर अभी भी संशय

अस्पतालों के प्रतिनिधि के रूप में आयुष्मान योजना के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की चेतावनी दी थी। उनके द्वारा लंबित राशि करीब 700 करोड़ का भुगतान नहीं होने पर सितंबर से आयुष्मान योजना के हितग्राहियों का इलाज नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा शीघ्र ही निजी अस्पतालों को पूरा भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था।

विभागीय दावों के अनुसार इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वित विभाग द्वारा 375 करोड़ की पहली किस्त रिलीज करने के बाद निजी अस्पतालों को लंबित क्लेम दावों का भुगतान किया जा रहा है। विभागीय अफसरों का दावा है कि इससे अस्पताल संचालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है तथा आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू संचालन में लाभ मिलेगा। निजी अस्पताल संचालकों का कहना है कि भुगतान आंशिक रूप से किया जा रहा है और जनवरी से मार्च 25 के लंबित भुगतान, जिला और राज्य स्तरीय शिकायत निवारण समिति द्वारा अनुशासित पिछले दो वर्षों के पुनर्जीवित केस, सभी फैसिलिटी की इलाज के पैकेज रिवीजन तथा आगामी दिनों में प्रति माह निर्बाध भुगतान प्रक्रिया स्पष्ट करने की जरूरत है, ताकि बार-बार आयुष्मान योजना में भुगतान के गतिरोध को रोका जा सके।

### नागरिकों के हितों के प्रति सजग

शासन नागरिकों के हितों के प्रति सजग है और निजी अस्पतालों को राशि को लेकर चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य सेवाएं राज्य के प्राथमिक कार्यों में से है और लोकहित में मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। अस्पतालों को भुगतान शुरू कर दिया गया है और शीघ्र ही समस्त बकाया राशि भी प्रदान कर दी जाएगी।

- श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री

### बैठक की जाएगी

निजी अस्पतालों की समस्याओं से शासन को अवगत कराया गया था। आने वाले दिनों में इसे लेकर राज्य स्तर की बैठक पर फैसला लिया जाएगा। निजी अस्पतालों को भुगतान किए जाने की जानकारी उन्हें नहीं है।

- डॉ. प्रभात पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष, आईएमए

### तकनीकी दिक्कतों पर बैठक में विचार

विभिन्न जिलों से अस्पताल संचालकों की राजधानी रायपुर में आयुष्मान योजना में आ रही विभिन्न दिक्कतों और कार्यप्रणाली में रुकावट को दूर करने के लिए बैठक आयोजित करने के बारे में विचार किया जा रहा है। राज्य इकाई सभी सदस्यों की ओर से नेशनल हेल्थ अथॉरिटी को शिकायत पत्र भेज रही है।

- डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चैप्टर एएचपीआई

## खबर संक्षेप

### पीएससी परीक्षा की गोपनीयता भंग : शुक्ला



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, विधानसभा चुनाव के समय छत्तीसगढ़ पीएससी की परीक्षाओं को यूपीएससी की तर्ज पर करवाने का वादा करने वाली भाजपा सरकार ने पीएससी की परीक्षाओं को मजाक बना दिया है। पीएससी की परीक्षा की कॉपी जांचने में घोटाला हो रहा है। सीजीपीएससी की परीक्षा की उत्तर पुस्तिका जांचने वालों के नाम सार्वजनिक हो रहे हैं। पता चला है कि बिलासपुर पीजीबीटी कॉलेज के डेपुटेशन में नौकरी करने वाले लोगों को पीएससी ने परीक्षा की उत्तर पुस्तिका जांचने का जिम्मा दिया है। यदि इसमें सच्चाई है, तो यह बेहद चिंता और आपत्तिजनक है।

### 14वें मंत्री के खिलाफ याचिका दायर करने कानूनी सलाह ले रही कांग्रेस

रायपुर। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में 14वें मंत्री के खिलाफ कांग्रेस हाईकोर्ट में याचिका दायर करने जा रही है। पार्टी के नेता कानूनी सलाह लेने में जुटे हुए हैं। हाल ही में विष्णु देव साय मंत्रिमंडल में 3 नए मंत्री शामिल किये गए थे। इसके बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने 14वां मंत्री बनाये जाने को गलत बताया। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल को पत्र भी भेजा है।

**दो बैच में जाएगा अध्ययन दल, जून में इंदौर का भी हुआ था दौरा**

# नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और सीएमओ सूरत जाकर सीखेंगे सफाई व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधन और नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के सभी 55 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल सूरत के अध्ययन भ्रमण पर जाएंगे। अपने तीन दिवसीय अध्ययन प्रवास के दौरान वे सूरत नगर निगम की सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन के साथ ही शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए अपनाए गए नवाचारों का अध्ययन करेंगे। वे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों से संवाद कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के गुर भी सीखेंगे।

### दो बैच में जाएगा दल

अध्ययन यात्रा के पहले बैच में 28 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी 28 अगस्त से 30 अगस्त तक सूरत में साफ-सफाई की व्यवस्था का अध्ययन करेंगे। वहीं दूसरे बैच में 27 नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी 1 सितम्बर से 3 सितम्बर तक सूरत में अपने-अपने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के तरीके सीखेंगे। इस भ्रमण से राज्य के नगरीय निकायों को स्वच्छता के प्रति दृष्टिकोण बदलने में मदद मिलेगी। अध्ययन भ्रमण से प्राप्त अनुभव नगर पालिकाओं को स्थायी, सहभागी एवं नवाचारयुक्त अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली विकसित करने में सक्षम बनाएंगे।



### देश के स्वच्छतम शहरों में भी भेजने का निर्णय

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के इंदौर के सार्थक अध्ययन भ्रमण को देखते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग ने अन्य नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को भी देश के स्वच्छतम शहरों के भ्रमण पर भेजने का निर्णय लिया है। इसी के तहत सभी नगर पालिकाओं के अध्यक्षों और सीएमओ को अध्ययन प्रवास पर सूरत भेजा जा रहा है। सूरत नगर निगम स्वच्छता, तकनीकी दक्षता एवं शहरी नवाचारों में देश के सर्वश्रेष्ठ शहरों में से एक है। वहां की श्रेष्ठ प्रथाओं और नवाचारों को देख-समझकर लौटने के बाद उन्हें राज्य की नगर पालिकाओं में स्थानीय परिप्रेक्ष्य में लागू करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

### 3 दिनों के अध्ययन प्रवास पर करेंगे अवलोकन

दो बैचों में अध्ययन भ्रमण पर जा रहे नगर पालिकाओं के अध्यक्ष और सीएमओ सूरत नगर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एकीकृत मॉडल का अवलोकन करेंगे, जिसमें शत-प्रतिशत घर-घर अपशिष्ट संग्रहण, स्रोत-स्तरीय पृथक्करण प्रणाली, स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन, अपशिष्ट प्रोसेसिंग यूनिट्स, जीपीएसयुक्त अपशिष्ट वाहन प्रणाली, रियल-टाइम ट्रैकिंग एवं आईसीसीसी के माध्यम से निगरानी शामिल है। इनके साथ ही वे प्रतिभागी सर्कुलर इकोनॉमी एवं नवाचार से जुड़ी पहलों जैसे बायोमाइनिंग, वेस्ट-टू-वेल्थ, लैंडफिल प्रबंधन, आरआरआर केंद्रों तथा सामुदायिक सहभागिता आधारित शून्य अपशिष्ट पहल का भी अध्ययन करेंगे। अध्ययन भ्रमण के दौरान सूरत नगर निगम के अधिकारियों से प्रत्यक्ष संवाद, केस स्टडी आधारित प्रस्तुतियां तथा छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों द्वारा स्थानीय समाधान की पहचान एवं रूपरेखा पर मंथन जैसे ज्ञानवर्धन सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। इससे नगर पालिकाओं के अध्यक्षों एवं सीएमओ को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और वे अपने निकायों में नवाचारयुक्त समाधान लागू करने के लिए प्रेरित होंगे।

### मेयर, आयुक्त, अभियंता जून में गए थे इंदौर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की पहल पर विगत जून में राज्य के सभी 14 नगर निगमों के महापौर, आयुक्त और वरिष्ठ अभियंता इंदौर के अध्ययन भ्रमण पर गए थे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अध्ययन प्रवास से लौटे सभी महापौरों और आयुक्तों के साथ मैराथन कार्यशाला आयोजित कर उनके अनुभवों को सुना था। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में स्थानीय जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार इंदौर की बेस्ट प्रेक्टिसेस और नवाचारों को लागू करने मंथन किया गया था। कई नगर निगमों ने इन पर अमल भी शुरू कर दिया है।

# छत्तीसगढ़ में फर्जी वोटरों को ढूंढेगी कांग्रेस, मतदाता सूची का परीक्षण करेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भी वोट चोरी को लेकर सियासत बढ़ गई है। कांग्रेस का आरोप है कि 2023 में वोटों की हेराफेरी हुई है, इसे लेकर पीसीसी ने सभी जिला, शहर, नगर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को निर्देश जारी किया है। पार्टी ने कहा है कि अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता सूची का पुनर्निरीक्षण करें। 5 बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें शामिल बिंदुओं में डुप्लिकेट मतदाता, फर्जी और अमान्य पते, एक ही पते पर थोक में मतदाता और फॉर्म सिक्स का दुरुपयोग करने की जांच की जाएगी। जल्द जांच कर पीसीसी को डिटेल जानकारी दी जाएगी।



### कांग्रेस ने लगाया आरोप

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का दावा था कि वे इसी हेराफेरी के कारण चुनाव हारे। वे अपने समर्थकों के साथ अपने क्षेत्र में वोटर लिस्ट खंगाल रहे हैं। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने भी कहा, उन्हें भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन कांग्रेस में गुटबाजी का झूठा माहौल बनाकर खेल किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट नहीं दे रहा और सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं।

### जल्द करेंगे बड़ा आंदोलन : बैज

पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में भी चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे हैं और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की आशंका है। कांग्रेस सोशल मीडिया पर अभियान चला रही है और जल्द ही चुनाव आयोग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी।

### कांग्रेस को हार स्वीकारने में दिक्कत : टंकराम

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा, कांग्रेस को भी हार को स्वीकारने में दिक्कत है। पहले ईवीएम, अब मतदाता सूची में आ गए हैं। जनता ने कांग्रेस को किनारे कर दिया है। कांग्रेस निरीक्षण कराए, दिक्कत नहीं है।

## छत्तीसगढ़ स्थापना की 25वीं वर्षगांठ, 6 दिनों का होगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है, जिसकी तैयारियां अभी से शुरू हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का कार्यक्रम 6 दिनों का होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के भी आने की संभावना है। नवा रायपुर में तैयार हो रहे नए विधानसभा भवन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। एक नवंबर को राज्योत्सव के दिन विधानसभा भवन का मोदी के हाथों लोकार्पण प्रस्तावित है। नए विधानसभा भवन का निर्माण पूर्णता की ओर है। आंतरिक साज सज्जा के साथ अन्य कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। विधानसभा में सदन के लिए कुर्सियों लगाने का कार्य किया जा रहा है। विधानसभा की कार्यवाही को पेपर लेस करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। हर टेबल पर संचार की सुविधाओं के साथ हर विधायक की टेबल पर स्क्रीन के माध्यम से पूरी सूचनाएं दिए जाने की व्यवस्था की जा रही है। 30 सितंबर तक सभी कार्य पूरे करने की तैयारी है। उसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा विधानसभा को इसे हैंड ओव्हर किया जाएगा। भवन का अधिपत्य मिलने के बाद विधानसभा की शिफ्टिंग शुरू होगी। बताया गया है कि विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय और मुख्यमंत्री का कार्यालय भी पूर्णता की ओर है। शीतकालीन सत्र नए विधानसभा भवन में ही कराने की घोषणा पहले ही हो चुकी है, उसके आधार पर आगे के कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

**15 अगस्त से 6 फरवरी तक रजत जयंती वर्ष**

छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के आयोजन 15 अगस्त से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताह के दौरान राज्य के सभी विभागों में अनेकों कार्यक्रम होंगे। रजत जयंती वर्ष का आयोजन दो चरणों में होगा। पहला चरण 15 अगस्त से 31 अक्टूबर 2025 तक होगा।




# रायपुर की पहली महिला विधायक रजनीताई नहीं रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर की इकलौती महिला विधायक रहीं रजनी ताई उपासने का 94 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थीं, उनका इलाज किया जा रहा था। रजनी ताई उपासने ने 1977 के विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी के टिकट पर कांग्रेस प्रत्याशी शारदा चरण तिवारी को हराया था। इस जीत के साथ ही वे रायपुर शहर की पहली और अब तक की एकमात्र महिला विधायक बनीं। राजनीति में कदम रखने से पहले से ही वे जनसंघ की सक्रिय कार्यकर्ता थीं और कई आंदोलनों में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। छत्तीसगढ़ में रजनी ताई उपासने की पहचान रायपुर की पहली महिला विधायक होने के तौर पर बनी रही। उनके बाद अब तक कोई भी महिला यहां से विधायक नहीं बन पाई है।



- 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर जीता था चुनाव


बुधवार शाम साढ़े छह बजे रजनी ताई उपासने का 94 वर्ष की आयु में वीवाय अस्पताल में निधन हो गया। उनका जन्म 28 अप्रैल 1933 को महाराष्ट्र के परतवाड़ा में हुआ। उनका विवाह आकोट के दत्तात्रेय प्रह्लाद उपासने के साथ हुआ। उनके चार पुत्र हैं, जगदीश, सच्चिदानंद, गिरीश और हेमंत। वह प्रारंभ से ही भारतीय जनसंघ की कार्यकर्ता रहीं पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों के लिए समर्पित रहा। रजनी ताई ने अन्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनेक आंदोलन किए और जेल गईं। आपातकाल के विरुद्ध रजनी ताई ने भूमिगत आंदोलन का सफल संचालन किया। उनके तीन पुत्र मीसा में जेल में बंद रहे, उन्होंने अपने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। रायपुर शहर से विधायक होने के साथ ही समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष रहीं, विभिन्न संगठन के पदों पर प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने काम किया। महिला मोर्चे को खड़े करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कांग्रेस सहित भारतीय जनता पार्टी और अन्य दलों के और राजकीय नेताओं के उनके घनिष्ठ संपर्क थे। अटल जी, आडवाणी जी, सुषमा स्वराज, राजमाताजी, विद्याचरण शुक्ला, अर्जुन सिंह, सुंदरलाल पटवा, वीरेंद्र कुमार सकलेचा, कैलाश जोशी सहित अनेक नेताओं के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध रहे।

### पांच साल पहले आई थीं चर्चा में

रजनीताई उपासने राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय न होने के बाद भी सामाजिक क्षेत्र के लिए काम करती रहती थीं। इसी बीच अब से पांच साल पहले वे चर्चा में आई थीं। उस समय (कोरोना काल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे फोन पर बात की थी।

### सीएम साय ने जताया शोक

रजनीताई उपासने के निधन पर सीएम विष्णुदेव साय ने शोक प्रकट किया है। सीएम ने कहा- रायपुर की पहली महिला विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने की पूज्य माताजी रजनी ताई उपासने के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। जनसेवा और समाज हित के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस दुःख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवारजनों के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।















खबर संक्षेप

## कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत का साहनी समाज ने किया स्वागत



**आरंग।** गुरु खुशवंत साहेब के कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर छ.ग. घासी, घसिया, सहीस, सारथी समाज प्रांतीय कमेटी के संरक्षण में साहनी समाज आरंग ने उनका स्वागत किया। समाज द्वारा आगामी दिनों मे आयोजित सामाजिक सम्मेलन में पधारने हेतु निवेदन भी किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुखजन के.आर. सागर प्रांताध्यक्ष, प्रभुलाल साहनी संरक्षक, लल्ला साहनी उप प्रांताध्यक्ष, तुलेंद्र सागर जिलाध्यक्ष, धनंजय प्रसाद सारथी एडिशनल डायरेक्टर (शिक्षा) एवं वरिष्ठ सामाजिक जन नरेंद्र साहनी, गोपी साहनी, सुनील कुमार सारथी, गोविंद साहनी, चंकी साहनी, पंकज साहनी, गिरधारी साहनी, तुषार साहनी, वेदांत साहनी, मनोहर साहनी, रवि साहनी, बजरंग साहनी, दुकलहा, ओंकार साहनी, बलदेव साहनी, प्रशांत साहनी, सुनील साहनी, भरत साहनी, प्रतीक साहनी सहित सामाजिक कुटुंबजनों के साथ गणमान्य नागरिक जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी से विधायक शर्मा ने की भेंट

**सिलयारी।** धरसींवा विधायक अनुज शर्मा जी दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से सौजन्य भेंट की। श्री शर्मा ने ग्राम सांकरा (राष्ट्रीय राजमार्ग 30) में अंडर पास की स्वीकृति प्रदान करने हेतु समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों की ओर से गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को वर्षों से झेल रही असुविधा और सड़क दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी तथा यातायात और अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा। श्री शर्मा ने कहा कि भारत में सड़क अवसंरचना को दूरदर्शिता के साथ विश्वस्तरीय स्वरूप देने वाले माननीय मंत्री जी की ऊर्जा, कार्यक्षमता और दृष्टि वाकई प्रेरणादायी है। उनके नेतृत्व में भारत और छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण उत्कृष्टता और गति में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही विधायक अनुज ने प्रदेश में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं भविष्य की परियोजनाओं पर भी केंद्रीय मंत्री जी से सार्थक चर्चा कर पुनः आभार व्यक्त किया।

निधन

## समलिया राम कुर्रे

**रायपुर।** विधानसभा समीपस्थ मांढर कॉलोनी टेकारी निवासी



समलिया राम कुर्रे उम्र 75 वर्ष पिता स्वर्गीय तिजऊ कुर्रे का निधन बुधवार 27 अगस्त हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 28 अगस्त को गृह ग्राम टेकारी के श्मशान घाट में किया जाएगा। वे फुलकेवरिन बाई कुर्रे के पत्नी एवं कपूर कुर्रे, करण कुर्रे, धर्मेंद्र कुर्रे के पिता थे।

# आरंग के प्राचीन मंदिरों में भगवान श्री गणेश की अनेक भव्य और दिव्य प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

देवालयों और मंदिरों की नगरी के नाम से सुविख्यात नगर है आरंग। जहां आज भी जगह-जगह श्रीगणेश की पाषाण से निर्मित प्राचीन प्रतिमाएं स्थापित है। नगर के बाबा बागेश्वरनाथ महादेव मंदिर, बरमबावा मंदिर, नारायण बन हनुमान मंदिर, महामाया मंदिर, नकटी तालाब किनारे स्थित जागेश्वर महादेव मंदिर, भुनेश्वर महादेव मंदिर, जवाहर चौक, सहित नगर के अन्य मंदिरों में भी श्रीगणेश की प्राचीन प्रतिमाएं सहज ही दर्शनीय हैं। खासकर शिव मंदिरों में श्रीगणेश की प्रतिमाएं स्थापित है। वहां प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर पूजा आराधना करते हैं। वहीं कुछ प्रतिमाएं काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था में होने के कारण स्पष्ट नही है। इन प्रतिमाओं से पता चलता है कि यहां सदियों से ही श्रीगणेश की पूजा आराधना होती रही है। आज भी यहां गणेशोत्सव को नगरवासी बहुत ही हर्षोल्लास से मनाते है। बड़े बड़े गणेश जी की पंडाल बनाकर ग्यारह दिनों तक पूजा आराधना करते है। यहां की भव्य गणेश जी की झांकी संपूर्ण नगर व क्षेत्र वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। वहीं श्रीगणेश जी की एक प्राचीन प्रतिमा नगर के लोधी पारा निवासी लक्ष्मीनारायण लोधी के निवास में स्थापित है। जो करीब ढाई फीट ऊंचा और डेढ़ फुट चौड़ा है। जिसकी पूजा आराधना वर्षों से लोधी परिवार द्वारा की जा रही है। महामाया तालाब किनारे स्थित गणेश की प्राचीन मूर्ति खंडित अवस्था में खुले में ही रखा है, जिसकी संरक्षण की विशेष आवश्यकता है।

## दुर्लभ प्रतिमाओं का संरक्षण पर ध्यान देना जरूरी



### श्री गणेश प्रतिमाओं का जगह-जगह स्थापना

**आरंग।** गांव-गांव, शहर-शहर आज से 11 दिन तक चलने वाला गणेश चतुर्थी पर्व आरंभ हो गया। सुबह से ही श्रद्धालु गणेश प्रतिमाओं को ढोल-नगाड़ों, बैंड बाजों और जयघोषों के साथ लेकर चौक-चौराहों और घरों में पहुंचते रहे। भक्तिमय माहौल में श्री गणेश प्रतिमा स्थापना कर विधिवत पूजन आरती के साथ उत्सव का शुभारंभ हुआ। हर गली और मोहल्ले में सजावट की जगमगाहट, तो कहीं रंगोली व तोरण द्वार से सजे चौक-चौराहों पर गणेशोत्सव की रौनक दिखाई दे रही है। छोटे-बड़े पंडालों में आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। ग्रामीण इलाकों में भी बच्चे, युवा और महिलाएं मिलकर उत्सव को आनंदमय बनाने में जुटे हुए हैं।

पर्व : पति की दीर्घायु की समृद्धि का मांगा वरदान

# महिलाओं ने तीजा पर निर्जला उपवास कर की शिवजी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



समीपस्थ ग्राम ताराशिव में तीजा पोरा के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। हरितालिका तीज पर्व का हवन पूजन का मुख्य कार्यक्रम बजरंग चौक में सम्पन्न हुआ। जिसमें पुरोहित पंडित रामचन्द्र तिवारी द्वारा मां पार्वती एवं शंकर भगवान की कथा का रसपान कराया गया। पूजा अर्चना का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।इस अवसर पर ग्राम की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित थी। हरितालिका तीज का व्रत महिलाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इस दिन मां पार्वती ने भगवान भोले शंकर को पति के रूप में प्राप्त किया था। हरितालिका तीज में महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख समृद्धि की कामना करती है। तथा सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सौभाग्यवती होने की आशिर्वाद प्राप्त करती है। उल्लेखनीय है कि यह पर्व छत्तीसगढ़ में पूरी आस्था विश्वास के साथ मनाई जाती है। जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने माता-पिता के घर उपवास रखकर फलाहार पूजा के उपरांत प्राप्त कर व्रत का समापन करती है।

## तिजहारिनों ने अखंड सौभाग्य के लिए की शिव की पूजा



**आरंग।** सावन-भादो माह की पावन परंपरा तीज पर्व के दूसरे दिन क्षेत्र की विवाहित महिलाओं व युवतियों ने श्रद्धा और आस्था के साथ निर्जला उपवास रखकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। भोर से ही महिलाएं परंपरागत वेशभूषा, सुहाग के सोलह श्रृंगार में सजधजकर मंदिरों व अपने घर आंगन में शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर मंगलकामना हेतु पूजन में लीन हो गईं। तीजहारिनों ने दिनभर जल ग्रहण किए बिना निर्जल रहकर व्रत का पालन किया और देर संध्या कथा-पूजन के बाद परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर गांव और नगर के मंदिरों में भक्ति गीत, पारंपरिक बोलियों और तीजहारिनों के उमंग-उत्साह से पूरा माहौल भक्तिमय बन गया।

इस अवसर पर तीजहारिन कविता वर्मा ने बताया कि तीज पर्व हमारी नारी अस्मिता और पति-पत्नी के अटूट बंधन का प्रतीक है। निर्जला व्रत रखकर हम भगवान शिव-पार्वती से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति की कामना करती हैं। वहीं जनपद सदस्य आरंग के तीजहारिन ग्रांम गनौद निवासी पदमनी साहू ने कहा कि इस व्रत से हमें न केवल धार्मिक संतोष मिलता है बल्कि पारिवारिक जीवन में अपनत्व और विश्वास और गहरा होता है। तीज पर्व हमारी संस्कृति की सबसे सुंदर परंपराओं में से एक है। तीन दिवसीय तीज पर्व का उल्लास अब तीसरे दिन चरम पर पहुंचेगा, जब महिलाएं निर्जला उपवास की पूर्णाहुति कर कथा-पूजन कर तीज माता को अर्घ्य अर्पित करेंगी और परिवार के मंगल की कामना के साथ व्रत का समापन करेंगी।

## 16 श्रृंगार करके तिजहारिनों ने की भगवान शिव की पूजा



**आरंग।** तीन दिवसीय तीजा पर्व का समापन बुधवार को परंपरा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। अंतिम दिन तीजहारिनों ने प्रातःकाल स्नान-ध्यान कर नवीन वस्त्र एवं साड़ी धारण की और भगवान शिव-पार्वती की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएँ कीं। पूरे दिन गांव-गांव और मोहल्लों में आस्था का माहौल बना रहा। महिलाएँ सजी-धजी एक-दूसरे के घर पहुँचीं और पर्व की बधाइयाँ दीं। पूजा उपरांत व्रती तीजहारिनों ने दिनभर का कठिन व्रत विभिन्न पारंपरिक पकवानों व फरहार (व्यंजन) के साथ तोड़ा। फरहार में पूड़ी, पुआ, पकौड़ी, मीठे-नमकीन पकवान सहित परंपरागत व्यंजनों की खुशबू घर-आंगन में फैली रही। इस अवसर पर महिलाओं ने कहा कि तीज पर्व केवल व्रत-उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नारी सौंदर्य, आस्था और पारिवारिक रिश्तों की मजबूती का प्रतीक है। नई साड़ियों में सजी तीजहारिनें आपस में मिलकर एक-दूसरे की लंबी उम्र, वैवाहिक सुख और परिवार की खुशहाली की मंगलकामनाएँ करती रहीं।ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह सामूहिक पूजा और फरहार का आयोजन किया गया। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी तीज के उल्लास में डूबे नजर आए। अंतिम दिन के साथ ही तीन दिवसीय तीजा पर्व का समापन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## बैहार में तीजा पर हुई मानसगान रामधुनी



**आरंग।** बाल समाज रामसत्ता समिति समस्त बैहारवासी आरंग के तत्वाधान में तीजा त्यौहार के पावन पर्व पर एक दिवसीय मानस गान राम सत्ता रामधुनी का आयोजन तीजा के पावन पर्व पर दिन मंगलवार को पटेल पारा बाल समाज सत्संग भवन गुढ़ी चौक बैहार में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के पदाधिकारी गन सदस्य मनमोहन गुप्ता, रेखू साहू, नारायण साहू, शिवकुमार साहू, मनसुख लाल साहू, नंद कुमार गुप्ता, ईश्वर साहू, नारायण, बल्लू साहू, महेश साहू, घासीराम साहू, छन्नू लाल साहू, शंकर साहू, पीला राम साहू, मनीराम साहू, अशोक साहू, गोरे मानिकपुरी, भावेश मानिकपुरी, भूपेंद्र साहू, श्रवण साहू, टीकाराम साहू, दयाराम साहू, अरुण साहू, तुलसीराम साहू, गांधी साहू, गणपत साहू, होरीलाल साहू, घणाराम साहू, तिजु राम साहू, भूषण साहू, भगवती साहू, कुलेश्वर साहू, संतूराम साहू इत्यादि सदस्यगण गणमान्य वरिष्ठ नागरिक के द्वारा सुबह 7 बजे भगवान राम, शंकर, हनुमान, गणेश, मां दुर्गा एवं देवी देवताओं का पूजा पाठ चंदन बंधन पुष्प अर्पित मंत्रोच्चार दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

## पांच हजार रुपए की शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार



**आरंग।** अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखने कि सूचना पर आरंग पुलिस ने घटना स्थल कुरूद बस स्टेण्ड के पास पहुंचकर रेड कार्यवाही किया, जिसमे टिकेश्वर चक्रधारी पिता रामकुमार चक्रधारी उम्र 28 वर्ष सा. कुरूद थाना आरंग के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 40 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब मात्रा 7.200 बल्क लीटर किमती 4800 रू. का बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 494/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर 26 अगस्त को गिरफ्तार कर प्रकरण अजमानतीय होने से न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत में केन्द्रिय जेल रायपुर रवाना किया गया है।

## जनलेवा हमले का आरोपी जेल दाखिल




**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र उपरपारा गोडिन्न तालाब के पास 20 अगस्त को अभिषेक ध्रुव पर जानलेवा हमला किया गया था इस मामले मे अभनपुर थाना मे अपराध पंजीबद्ध किया गया था लेकिन आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर था। आरोपियो को पकडऩे के लिए अभनपुर पुलिस लगातार तलाश कर रही थी 27 अगस्त को घेराबंदी कर ओमप्रकाश साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम हसदा 2 को गिरफ्तार कर आरोपी को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया है। गौरतलब है कि विगत 20 अगस्त को प्रार्थी अभिषेक ध्रुव दीपक साहू ढाबा मे काम करने गया था रात्रि मे ओमप्रकाश साहू व बीरेन्द्र साहू ग्राम हसदा 2 खाना खाने गये हुये थे जान पहचान होने के कारण उसे साथ लेकर घूमने का बहाना बना कर निकले तथा उपरपारा गोडन्न तालाब के पास ले जाकर उसके साथ किसी नुकीली वस्तु व बेल्ट से मारपीट कर वहां से भाग निकले जिससे अभिषेक ध्रुव के दोनो गाल,पीठ,बायां जांघ व पसली एवं कई जगह चोटे पहुंची थी, प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 351(2),115(2), 3(5),118 (1) एवं 25, 27 आम्र्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# नारा क्रिकेट में गुड़ी चौक टीम विजयी



**आरंग।** तीज पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत नारा (भानसोज) में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साह व उमंग के साथ हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में गुड़ी चौक ने गोवर्धन चौक भाटा पारा को पराजित किया। उन्हें सरपंच मीणा जांगड़े द्वारा 8000 रु. का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। वही उपविजेता टीम को ध्रुव चन्द्राकर द्वारा 4000 रु का द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। तृतीय स्थान परर रहे टीम सतनाम चौक के खिलाड़ियों को 2000 रु सभी पन्चो व ग्रामवासियो के सहयोग से प्रदान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने इसे तीज पर्व का विशेष आकर्षण बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देते हैं और आपसी भाईचारा मजबूत करते हैं। तीज पर्व की परंपरा और खेलकूद का संगम इस आयोजन को और भी खास बना गया।

## सगुनी में तीज पर्व पर 24 घंटे का राम सप्ताह शुरू



**तरपोंगी।** समीप के ग्राम सगुनी में तीज पर्व के उपलक्ष्य में, 24 घंटे के राम सप्ताह का आयोजन किया गया है। यह धार्मिक कार्यक्रम आज, 26 अगस्त को शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस आयोजन में गांव के सभी ग्रामीण भजन-कीर्तन में हिस्सा ले रहे हैं, जिससे पूरे गांव में भक्ति का माहौल बन गया है। इस राम सप्ताह का समापन कल, 27 अगस्त को शाम को होगा। समापन समारोह में मटकी फोड़, दही लूट और गली भ्रमण जैसे पारंपरिक कार्यक्रम शामिल होंगे, जो उत्सव के उत्साह को और बढ़ाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व में इतिहास रचा

# हिंदी सलाहकार समिति में नियुक्ति मिलने पर बजाज का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



भाजपा प्रदेश कार्यालय का नया दायित्व मिलने व सूचना प्रसारण मंत्रालय हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त होने के बाद अपने गृह क्षेत्र अभनपुर पहुंचने पर वरिष्ठ नेता अशोक बजाज का अभनुपर के कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने अपने उद्बोधन मे कहा कि पांच दशक के सफर मे आज भी आप लोगो का प्यार, सरकार व संगठन की चाहत बनी हुई है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है आज गांव से लेकर दिल्ली तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार है ग्राम पंचायत से पालियार्मेट तक हम है। प्रधानमंत्री जो पूरे दुनियाभर मे से एक क द्वावर नेता है जिनके नेतृत्व मे भारत इतिहास रच रहा है आज विश्व मे भारत का डंका बज रहा है ये मोदी जी का कमाल है,भारत को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबी बनाना है कृषि को उन्नत व प्रगतिशील बनाना है यह जिम्मेदारी हम सबकी है सरकार की नीतियां कृषि आधारित है आने वाले समय मे कृषि के साथ सहकारिता का नया स्वरूप देखने का मिलेगा,हमारे लिए हिन्दी के समृद्धि के लिए 14 सितम्बर का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिन्दी की नई पहचान बने इसके लिए आप सभी का विचार हम धीरे धीरे लेगे और भारत सरकार को अवगत करायेगे। आजाद भारत को अखंड रखना है इसके लिए हमे संगठन का काम करना होगा,मेहनत करे तभी लंबे समय तक राजनीति करेगे लंबे समय तक राजनीति करना है तो धैर्य से काम लेना होगा अनुशासन मे रहना पडेगा,हमे मोदी जी की मन की बात का सामुहिक रूप से सुनना है और उसका लाभ किस प्रकार हम दिला सकते है उस पर चितंन करना है,हर दफ्तर मे जनता का काम सुलभता के साथ होना चाहिए। श्री बजाज ने प्रधानमंत्री मोदी सहित शीर्ष नेतृत्व व मंडल पदाधिकारयो का आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर सभी समाज के पदाधिकारियो ने सामूहिक रूप से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम मे रायपुर जिला ग्रामीण के प्रभारी अशोक पांडेय,जिलाउपाध्यक्ष संतोष शुक्ला,जिला महामंत्री चेतना गुप्ता,मंडल अध्यक्ष भरत बैस,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, ०यासनारायण साहू,परदेशीराम साहू,सुनील प्रसाद,जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू,नपं.पूर्व उपाध्यक्ष किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल,प्रदीप शर्मा, आईटीसेल संयोजक शांतनु सिन्हा, क चरूलाल भट्टर,अर्जुन धीवर, जिला ग्रामीण सोशल मीडिया प्रभारी वरूण राठी,हृदय राम साहू,लौटन गिलहरे,मनीष साहू,किशोर देवांगन,नारायण यादव, टीकराम यादव, दलजीत चांवला, योगेन्द्र धुरव,नवीन वर्मा,दयालु राम गाड़ा,चेतन साहू,वेदव्यास तारक,हेमंत तारक,किशन सिन्हा, माधो मिरी, ,विजय सिन्हा,आनंदराम साहू, ,हरीश वर्मा, अर्जुन धीवर, कृष्ण संत नामदेव बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया।

पेज 11 के शेष...

### कानफोड़ शोर में ...

स्थल पर डीजे और धुमाल का धमाल जारी रहा। प्रशासन ने किसी तरह की सख्ती नहीं की। कई जगह तो शोर 120 डेसिबल तक नापा गया, जो हर हाल में खतरनाक स्तर माना जाता है। पंडालों के लिए भी जारी फरमान को हवा में उड़ा दिया गया है, जिसके कारण कई सड़कों पर जाम के हालात बनने लगे हैं।

हरिभूमि ने बुधवार को शहर में प्रशासन के आदेश का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी पड़ताल की। पता चला कि प्रशासन के आदेश का कई गणेश उत्सव समितियां एवं डीजे-धुमाल पार्टी के संचालक मखौल उड़ा रहे हैं। इन आदेशों को दरकिनार कर गणेश समितियों ने जहां सड़क पर पंडाल लगाकर भगवान की स्थापना कर दी है, वहीं डीजे-धुमाल पार्टी के संचालक न केवल प्रतिबंध के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि 75 डेसिबल से कम आवाज के नियम का भी पालन नहीं कर रहे हैं।

### 42 में 39 टंकियां ....

बाल्टी, गुंडी लेकर बोर वाले घरों में पानी मांगते रहे। वहीं जोन के अधिकारी, कर्मचारियों ने फिल्टर प्लांट में आई खराबी की बात कहकर पल्ला झाड़ा। वार्ड पार्षद भी पानी का इंतजाम करने जूझते रहे। कुल मिलाकर सुबह से लेकर दोपहर तक नल खुलने का लोग इंतजार करते रहे, पर उनके घरों में पानी नहीं पहुंचा।

### मकान बेचने का ....

से एक वर्ष पूर्व खनिज भवन के पास मकान खरीदी करने 82 लाख रुपए में सौदा किया था। सौदा के मुताबिक अख्तर ने असरफ तथा उसकी बेटी के खाते में 62 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसा लेने के बाद असरफ ने मकान बिक्री करने की बात से इनकार करते हुए रकम भी लौटाने से इनकार कर दिया।

### बस्तर में भारी ....

मुताबिक उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उड़ीसा तट पर स्थित चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के साथ विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए ओड़िशा की ओर पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, बनस्थली, दमोह, पेण्ड्रा रोड पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। गुरुवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### नुआखाई कृषि परंपरा का उत्सव, भारतीय संस्कृति की धरोहर : नायक

**रायपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानु नायक ने कहा, नुआखाई का भारत की सांस्कृतिक विरासत में कृषि पर्वों का विशेष स्थान है। यह एक ऐसा उत्सव है जो न केवल ओडिशा और छत्तीसगढ़ की सीमाओं तक सीमित है, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय कृषि संस्कृति का प्रतीक है। आज प्रदेश में यह पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। नुआखाई पर्व पर नया धान और नवान्न सबसे पहले अपने अपने ईष्ट देवी-देवताओं को अर्पित करते हैं और फिर परिवार के साथ उसका भोग लगाते हैं। लाखों की आबादी वाला उड़िया समाज मेहनत, मज़दूरी और संघर्ष कर अपना जीवन यापन करता है। यह अपने पूर्वजों के द्वारा दी गयी भारतीय संस्कृति की धरोहर नुआखाई पर्व को वह धूमधाम से मनाते हैं। रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिलासपुर, गरियाबंद, महासमुन्द, रायगढ़, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा, धमतरी और बस्तर के क्षेत्रों में उत्साह से मनाया जाता है। सरकार द्वारा इस पर्व को स्थानीय अवकाश दिए जाने से स्थानीय समुदायों को अपनी परंपराओं को पूर्ण उत्साह के साथ मनाने का अवसर मिला है।

### गणेश वर्कशॉप में 40 बच्चों ने लिया भाग



**रायपुर।** स्नेह 'एलवायटी' फ़ाउंडेशन की ओर से बुधवार को गणेश वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लगभग 40 बच्चों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में बच्चों ने मिट्टी से अपने हाथों से गणेश प्रतिमाएं बनाना सीखा। बच्चों में इस रचनात्मक कार्य के प्रति अद्भुत उत्साह देखने को मिला। कार्यशाला का संचालन रुचि लोहिया द्वारा किया गया तथा सहयोगी टीम में प्रज्ञा, श्वेता, निकिता पाठक, मुनमुन और नम्रता शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को नाश्ते में समोसा और फ्रूटी वितरित किए गए।

## निधन

### कमला देवी धाड़ीवाल

**रायपुर।** खम्हारडीह निवासी



कमला देवी धाड़ीवाला का 27 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 अगस्त को शाम 4 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे निर्भय, अभिषेक एवं पूजा की माता थीं।

### समलिया राम कुर्रे

**रायपुर।** विधानसभा समीपस्थ



मांढर कॉलोनी टेकारी निवासी समलिया राम कुर्रे उम्र 75 वर्ष पिता स्वर्गीय तिजऊ कुर्रे का निधन बुधवार 27 अगस्त हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार 28 अगस्त को गृह ग्राम टेकारी के श्मशान घाट में किया जाएगा। वे फुलकेवरिन बाई कुर्रे के पत्नी एवं कपूर कुर्रे, करण कुर्रे, धर्मेंद्र कुर्रे के पिता थे।

# दान में मिली त्वचा संवारेगी कई जिंदगी, नेत्रों से दूर होगा दो लोगों के जीवन का अंधियारा

## डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में आधी रात पूरा हुआ त्वचा और नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिता की मौत के बाद बेटे द्वारा लिए गए बड़े फैसले से कई अंजान लोगों के बुरे हादसे में मिले जख्म भरे जा सकेंगे। साथ ही उनके नेत्रों से दो लोगों के जीवन में फैला अंधकार दूर होगा। ब्रेन हेमरेज के इलाज के दौरान 77 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु के बाद डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में मंगल-बुधवार की रात तीन बजे त्वचा और नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की गई।

बालोद में रहने वाले प्रहलाद चंद्राकर को 16 अगस्त को ब्रेन हेमरेज की शिकायत पर इलाज के लिए डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के न्यूरो सर्जरी विभाग में दाखिल किया गया था। नौ दिन इलाज की लंबी प्रक्रिया के बाद मंगल-बुधवार की दरम्यानी रात उनकी मौत हो गई। अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा एवं काउंसिलर मीना शर्मा ने प्रहलाद के बेटे भूपेंद्र चंद्राकर को नेत्र और त्वचा दान के महत्व के बारे समझाया। उन्हें बताया गया कि दान में मिली त्वचा उनका जीवन संवारने में मददगार होती है, जो आगजनी अथवा हादसे में अपने शरीर पर बड़ा जख्म लेकर जी रहे हैं। दान में मिली त्वचा की मदद से प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम ने उनके जख्मों को भरा जा सकता है। इसी तरह उनकी आंखें उन लोगों को रोशनी प्रदान कर सकती हैं, जिनके जीवन में अंधेरा है। अस्पताल प्रबंधन की काउंसिलिंग से प्रेरित होकर बेटे भूपेंद्र चंद्राकर ने दुख की घड़ी में बड़ा फैसला लेते हुए पिता का नेत्र और त्वचा दान करने का फैसला लिया। उनकी सहमति के बाद रात तीन बजे डीके हास्पिटल में दान की प्रक्रिया पूरी हुई।

### त्वचा डीके, नेत्र आंबेडकर अस्पताल में

दान की प्रक्रिया पूरी होन के बाद अलसुबह नेत्ररोग विभाग में पदस्थ संजय शर्मा से समन्वय बनाकर दान में मिली आंखें आंबेडकर अस्पताल के आई बैंक में सुरक्षित रखवाई गईं। वहीं बर्न विभाग के अध्यक्ष डा. दक्षेश शाह के निर्देश पर डॉ. प्राची ने त्वचा अस्पताल परिसर के स्किन बैंक में जमा कराई। पितृ शोक में होने के बाद भी इस दान की प्रक्रिया को पूरा करने वाले भूपेंद्र चंद्राकर और परिवार को इस सराहनीय कार्य के लिए प्रबंधन की तरफ से प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



### अब तक 27 लोगों ने की त्वचा दान

डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में तीन साल पहले प्रदेश के शासकीय संस्थान का पहला स्किन बैंक खोला गया था। यहां अब तक 27 लोगों की त्वचा दान की गई है। इनका उपयोग बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में उन मरीजों के ऑपरेशन में किया जाता है जिनके जख्म काफी गहरे होते हैं। स्किन बैंक में त्वचा रखने के लिए विशेष तरह के उपकरण रखे गए हैं, जो लंबे समय तक मानव त्वचा को खराब होने से बचाकर रखते हैं।

## जाम से निपटने ट्रैफिक के साथ पुलिस बल लगाना पड़ा

# गणेश स्थापना को लेकर दूसरे दिन भी शहर के ज्यादातर हिस्सों में लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणेश स्थापना करने प्रतिमा ले जाने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। देर शाम कई गणेश समितियां प्रतिमा लेने गईं। इसके कारण शहर के कई इलाकों में जाम की स्थिति निर्मित हुई। बूढ़ापारा से लेकर कंकाली तालाब मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों को सबसे ज्यादा जाम का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही आश्रम रोड में भी जाम की स्थिति निर्मित हुई।

ट्रैफिक पुलिस को पहले ही अंदेशा था कि गणेश स्थापना करने प्रतिमा ले जाने की वजह से बुधवार को भी जाम की स्थिति निर्मित होगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस पहले से जवानों की तैनाती करने पाइंट निर्धारित कर व्यवस्था बनाने जुटी हुई थी। बावजूद इसके पुलिस तथा ट्रैफिक जवानों की तैनाती के बावजूद शहर के ज्यादातर हिस्सों में जाम की स्थिति निर्मित हुई। जाम लगने का प्रमुख कारण गणेश समिति से जुड़े लोग मौके पर अपने कार्यकर्ताओं को व्यवस्थित ढंग से चलना कंट्रोल नहीं कर पाए। इस वजह से भी जाम की स्थिति निर्मित हुई।



### जाम का असल कारण डीजे की गाड़ी

गणेश प्रतिमा ले जाने जाम का प्रमुख कारण गाड़ियों में क्षमता से ज्यादा डीजे बजाने लगाए गए यंत्र हैं। डीजे की गाड़ी तथा गणेश प्रतिमा ले जाने व्यावसायिक वाहनों का उपयोग किया गया। इसके कारण रोड संकरी हो गई और जाम की स्थिति निर्मित हुई। इसके अलावा डीजे तथा अन्य वाद्य यंत्र की धुन पर गणेश ले जाने के दौरान जगह-जगह पटाखा चलाने की वजह से हर जगह ट्रैफिक को रोकना पड़ा। इस वजह से भी जाम की स्थिति निर्मित हुई।

### कई जगह जबरन मार्ग अवरुद्ध

मूर्ति स्थापना के दिन कई सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों द्वारा पंडाल का काम किया जा रहा था। पंडाल का काम करने की वजह से शहर के कई इलाकों में गणेश समिति से जुड़े लोगों ने मार्ग को जबरन वन वे कर ट्रैफिक डायवर्ट किया। इस वजह से भी जाम की स्थिति निर्मित हुई। कालीबाड़ी चौक पर दिन के व्यस्त समय में मार्ग को वन वे कर दिया गया था।

### जगह-जगह पंडाल लगाने से सड़कें हुईं संकरी

गणेश स्थापना करने शहर के सभी प्रमुख मार्गों के साथ शहर के अंदरूनी इलाकों में जगह-जगह पंडाल लगाए गए हैं। इसके कारण सड़कें संकरी हो गईं। पंडाल लगाए जाने के बाद उन्हीं मार्गों से गणेश प्रतिमा ले जाया गया, इस वजह से ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। इस वजह से भी लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा।

### माना, पचपेड़ी नाका मार्ग पर जाम

शहर के साथ आउटर के इलाकों में जाम की स्थिति देखने को मिला। माना से गणेश प्रतिमा लाने का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। इसके कारण डुमरतराई तथा पचपेड़ी नाका के पास जाम की स्थिति निर्मित रही। इस बात को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने बसों को पचपेड़ी नाका के पास रुकने नहीं दिया।

# आउटडोर स्टेडियम का बाहरी परिसर बना कबाड़ स्थल

## डंप किए जा रहे बैनर-पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छता रैंकिंग पिछले कई वर्षों से लगातार अवार्ड मिल रहे हैं। ये अवार्ड बताते हैं कि शहर को स्वच्छ बनाने में जिला प्रशासन के साथ नगर निगम प्रशासन की सोच क्या है, लेकिन जिस स्वच्छता को लेकर शहर को अवार्ड मिले हैं, उसी स्वच्छता को अब नगर निगम के कई अधिकारी-कर्मचारी दाग लगाने पर तुले हुए हैं। इसका ताजा उदाहरण शहर का फेमस बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम से लगा आउटडोर स्टेडियम है, जिसके बाहरी परिसर को इन दिनों कबाड़ स्थल बना दिया गया है। इस परिसर में जोन क्षेत्र में बैनर-पोस्टर, ठेला गुमटी सहित अन्य जो भी सामग्री जब्त की जाती है, उसे यहां लाकर डंप किया जा रहा है। इसके का कारण आउटडोर के साथ इंडोर स्टेडियम की खूबसूरती भी बिगड़ रही है।

### परिसर में डंप बैनर पोस्टर बिखरकर गंदगी का रूप ले रहा

परिसर में जब्ती कर लाए गए बैनर-पोस्टरों को इस तरह से फेंका गया है कि ये अब पूरे परिसर में बिखर कर गंदगी का रूप ले चुके हैं। इसके अलावा यहां कबाड़ हो चुकी कार, मवेशी पकड़ने वाले वाहन, ठेला-गुमटी, पेयजल पाइप लाइन सामग्री भी डंप है। इस तरह खेल मैदान का बाहरी परिसर कबाड़ स्थल के रूप में बदल गया है।

### इंडोर स्टेडियम की खूबसूरती भी बिगड़ रही

आउटडोर स्टेडियम के बगल में इंडोर स्टेडियम है। डंप सामग्री के कारण आउटडोर स्टेडियम के साथ इंडोर स्टेडियम की भी खूबसूरती बिगड़ रही है। इंडोर स्टेडियम में आए दिन बड़े-बड़े कार्यक्रम होते हैं। हाल ही में जिला प्रशासन ने इंडोर स्टेडियम में शासकीय अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाया था। इस शिविर में कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ प्रदेश के मुख्य सचिव सहित अन्य आला अधिकारियों ने भी निरीक्षण कर अपना चेकअप कराया था।

# आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार और उद्योग वर्ग तक पहुंचाने किया अनुरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कैट के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात



कैट के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के नेतृत्व में बुधवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने श्री चौधरी से आरबीआई की ब्याज दर कटौती का लाभ व्यापार एवं उद्योग वर्ग तक त्वरित पहुंचाने के लिए अनुरोध किया।

श्री पारवानी ने बताया, वित्तमंत्री ओपी. चौधरी से मुलाकात कर पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पिछले कुछ महीनों में रेपो रेट में कुल 1 प्रतिशत यानी 100 बेसिस पाइंट की कमी की गई है। इन कदमों का उद्देश्य ऋण लेने की लागत को कम करना था, पर बैंकों ने अब तक इन लाभों को व्यापार एवं उद्योग को ब्याज दरों में कटौती के रूप में पूर्ण लाभ प्रदान नहीं किया है। नकद आरक्षित अनुपात में 1 फीसदी की कमी से बैंकिंग प्रणाली में करीब 2.50 लाख करोड़ की अतिरिक्त तरलता आई है। इस तरलता का लाभ भी व्यापार एवं उद्योग तक पहुंचना चाहिए था, किंतु ऋण ब्याज दरों में इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। अमर पारवानी ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कहा है, हमें विश्वास है कि आपके त्वरित हस्तक्षेप से न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी, बल्कि प्रदेश की जीडीपी, व्यापार विस्तार एवं रोजगार सृजन में भी तेजी आएगी।

श्री चौधरी से मिलने गए कैट के प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल युवा कैट के पदाधिकारी, शंकर बजाज, रतनदीप सिंह, नागेन्द्र कुमार तिवारी एवं रौनक पटेल पटेल उपस्थित रहे।

आमानाका तेलीबांधा, सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में रहने वालों के साथ की गई ठगी


# हाईटेक जालसाजों ने प्रोफेसर सहित तीन के साथ की 40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दो प्रकरण शेयर ट्रेडिंग, एक ई-स्कूटर कंपनी कर्मी के नाम से ठगी

साइबर फ्रॉड करने वालों ने राजधानी के तीन लोगों के साथ 40 लाख रुपए की साइबर ठगी की है। ठगी के शिकार होने वालों में डेंटल कालेज के एक प्रोफेसर, वकील तथा एक महिला शामिल है। ठगी के दो मामले शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफा तथा एक अन्य मामले में जालसाज ने एक ई-स्कूटर कंपनी का कर्मी बनकर वकील को ठगी का शिकार बनाया है।

अंजोरा स्थित एक निजी मेडिकल कालेज के प्रोफेसर टाटीबंध निवासी जयंत चंद्राकर ने आमानाका थाना में अज्ञात के खिलाफ 26 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। जयंत ने पुलिस को बताया कि उसने अपने फेसबुक अकाउंट में फायर्स नाम से एक एप देखा। दिया गया लिंक ओपन करने पर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर भारी मुनाफा मिलने की जानकारी दी गई थी। इस पर प्रोफेसर को अपने एप में जोड़ने जालसाजों ने प्रोफेसर से छोटी रकम की मांग की। रकम ट्रांसफर करने के बाद प्रोफेसर को उनके द्वारा जमा कराए गए छोटे अमाउंट में मुनाफा के साथ रकम लौटाकर विश्वास हासिल किया, फिर वाट्सएप ग्रुप में जोड़ कर 26 लाख रुपए तक जमा कराए। प्रोफेसर ने रकम लौटाने कहा, तो जालसाज ने प्रोफेसर को वाट्सएप ग्रुप से रिमूव कर दिया।



### शेयर ट्रेडिंग ट्रेनिंग देने का झांसा देकर लाखों की ठगी

तेलीबांधा थाना में अवंति विहार निवासी नेहा गुप्ता ने अज्ञात के खिलाफ 13 लाख 33 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। नेहा ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने वाट्सएप में मैसेज भेज कर उसे अपने ग्रुप में जोड़ा। ग्रुप में जोड़ने के बाद जालसाज ने महिला को सुबह, दोपहर तथा शाम के समय शेयर मार्केट की जानकारी देने के साथ किस शेयर में कितना उतार चढ़ाव हो रहा है, इसकी जानकारी देता रहा। इस तरह से जालसाज ने महिला को झांसे में लेकर उनका फर्जी डीमेट अकाउंट खुलवाकर रकम निवेश कराकर ठगी का शिकार बनाया।

### कार्बोरेटर खराब होने का झांसा देकर ठगी

पेशे से वकील आयुष अग्रवाल ने सरस्वती नगर थाना में अज्ञात के खिलाफ 27 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। आयुष ने पुलिस को बताया है कि 24 अगस्त को उसके पास एक मैसेज आया। मैसेज करने वाले ने अपने आपको ओला ई-स्कूटर कंपनी का कर्मी बताया। जालसाज ने वकील को उसके ई-स्कूटर का कार्बोरेटर खराब होने का झांसा देकर यूपीआई स्कैनर भेज कर साढ़े 13 हजार रुपए भेजने कहा। रुपए भेजने के बाद जालसाज ने वकील को ट्रांजेक्शन फेल होने का झांसा देकर 13 हजार दो सौ रुपए भेजने कहा। रकम भेजने से इनकार करने पर बीमा कंपनी द्वारा पूरी राशि रिफंड करने का झांसा देकर अपने अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर ठगी का शिकार बनाया।

# आउटर वार्ड के नए इलाकों में शुरू होगा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन, रामकी ने 10 नई गाड़ियों का दिया आर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ठेका एजेंसी करा रही सर्वे, 15 सितंबर तक आएगी रिपोर्ट
- निगम को यूजर चार्ज से होगी अतिरिक्त आय

शहर के आउटर स्थित वार्डों में तेजी से हो रहे नए निर्माण और आवासीय कालोनी से नगर निगम डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था देगा। इसके लिए शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी एजेंसी आउटर इलाके का सर्वे करा रही है। इसकी रिपोर्ट 15 सितंबर तक प्राप्त होगी। रामकी कंपनी ने नए इलाकों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन करने 10 नई गाड़ियां खरीदने आर्डर दिया है। इससे न केवल शहर के आउटर वार्ड में सफाई का दायरा बढ़ेगा, साथ ही यूजर चार्ज के रूप में नगर निगम को अतिरिक्त आय मिलने लगेगी।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में निकलने वाले कूड़ा के डोर टू डोर कलेक्शन, परिवहन और सकरी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक तरीके कचरे का



निष्पादन करने वाली अनुबंधित एजेंसी रामकी अब आउटर में तेजी से बन रही कालोनी, रहवासी इलाकों का सर्वे करा रही है। एक महीने से चल रहे सर्वे की रिपोर्ट 15 सितंबर तक मिलेगी।

रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि को बताया कि आउटर के इलाकों में सफाई का दायरा बढ़ाने महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नए इलाकों का सर्वे कराया जा रहा है। इन इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए 10 अतिरिक्त सफाई वाहन की जरूरत होगी। इसके लिए 10 नई गाड़ियों का आर्डर दिया है।

### शहरभर में 256 सफाई वाहन, रोज निकल रहा 570 मीट्रिक टन कचरा

वर्तमान में नगर निगम के दस जोन स्थित 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी एजेंसी ने 256 सफाई वाहन की व्यवस्था की है। इसके अलावा 35 गाड़ियां रिजर्व के रूप में सुरक्षित रखी गई हैं। ठेका एजेंसी प्रतिदिन शहरभर से 570 मीट्रिक टन सूखा और गीला कचरा कलेक्शन कर सकरी स्थित लैंडफिल साइट पहुंचाती है। इसके अलावा नवा रायपुर से भी रोजाना 12 टन कूड़ा वहां की गाड़ियों में भरकर रामकी के पास पहुंच रहा है। आने वाले दिनों में शहर के आउटर इलाके से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किए जाने पर शहरभर से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा की मात्रा और अधिक बढ़ेगी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक भवन को ठेके पर निजी एजेन्सियों को देने की तैयारी के विरोध में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मंडल 27 अगस्त को उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मिला। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद स्मारक भवन सामान्य भवन नही है बल्कि छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मारक है। ऐसे पवित्र स्मारक को आय का स्त्रोत बनाना उन वीरों का अपमान है जिन्होंने अपार कष्ट सहते हुए देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साथ हीं निगम की इस कदम पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई। वहीं उप मुख्यमंत्री द्वारा इस पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान मंडल प्रतिनिधियों में बबीता नत्थनी, प्रभात केयूर भूषण, केके अग्रवाल, राजेन्द्र उमाठे, पीआर अहीर, चन्द्रकांत पांडे, महेश दुबे, राजेन्द्र चतुर्वेदी व प्रवीण दीक्षित शमिल रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### कानफोड़ू शोर में ...

स्थल पर डीजे और धुमाल का धमाल जारी रहा। प्रशासन ने किसी तरह की सख्ती नहीं की। कई जगह तो शोर 120 डेसिबल तक नापा गया, जो हर हाल में खतरनाक स्तर माना जाता है। पंडालों के लिए भी जारी फरमान को हवा में उड़ा दिया गया है, जिसके कारण कई सड़कों पर जाम के हालात बनने लगे हैं। हरिभूमि ने बुधवार को शहर में प्रशासन के आदेश का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी पड़ताल की। पता चला कि प्रशासन के आदेश का कई गणेश उत्सव समितियां एवं डीजे-धुमाल पार्टी के संचालक मखौल उड़ा रहे हैं। इन आदेशों को दरकिनार कर गणेश समितियों ने जहां सड़क पर पंडाल लगाकर भगवान की स्थापना कर दी है, वहीं डीजे-धुमाल पार्टी के संचालक न केवल प्रतिबंध के आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि 75 डेसिबल से कम आवाज के नियम का भी पालन नहीं कर रहे हैं।

### 42 में 39 टंकियां ....

बाल्टी, गुंडी लेकर बोर वाले घरों में पानी मांगते रहे। वहीं जोन के अधिकारी, कर्मचारियों ने फिल्टर प्लांट में आई खराबी की बात कहकर पल्ला झाड़ा। वार्ड पार्षद भी पानी का इंतजाम करने जूझते रहे। कुल मिलाकर सुबह से लेकर दोपहर तक नल खुलने का लोग इंतजार करते रहे, पर उनके घरों में पानी नहीं पहुंचा।

### मकान बेचने का ....

से एक वर्ष पूर्व खनिज भवन के पास मकान खरीदी करने 82 लाख रुपए में सौदा किया था। सौदा के मुताबिक अख्तर ने असरफ तथा उसकी बेटी के खाते में 62 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसा लेने के बाद असरफ ने मकान बिक्री करने की बात से इनकार करते हुए रकम भी लौटाने से इनकार कर दिया।

### बस्तर में भारी ....

मुताबिक उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उड़ीसा तट पर स्थित चिन्हित निम्न दाब का क्षेत्र है। ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के साथ विस्तारित है। इसके धीरे-धीरे पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए ओड़िशा की ओर पहुंचने की संभावना है। मानसून द्रोणिका बीकानेर, बनस्थली, दमोह, पेण्ड्रा रोड पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। गुरुवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री और विधायक का जताया आभार

**रायपुर।** ओडिया समाज और उत्कल समाज द्वारा नए फसल की खुशी में हर साल नुआखाई पर्व पूरे छत्तीसगढ़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। ओडिया समाज और उत्कल समाज के लोग सामाजिक एकता, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश देंगे। इस मौके पर समाज सेविका व महिला नेत्री सावित्री जगत ने नुआखाई पर्व पर अवकाश मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा का आभार जताया। श्रीमती जगत ने बताया कि बुजुर्गो एवं समाजिक मानयताओ के अनुसार नुआखाई से हमें नया जीवन मिलता है हमें हर वर्ष नुआखाई से नया शुरुआत करनी चाहिए, नुआखाई उत्कल समाज का एक सामाजिक माह पर्व है, जिसमें नई फसल मुख्य रुप से है। उन्होंने कहा कि नई फसल मुख्य रुप धान की नई फसल और अन्य चिवड़ा, मूंग, पीठा कर अपने देवी-देवता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की दुआ मांगते हैं।

### सेजबहार सोसाइटी में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्था के सहयोग से रेसिडेंट कोऑपरेटिव सोसाइटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार रायपुर में सोसाइटी परिसर में पौधारोपण किया गया। परिसर में नीम, जामुन, कटहल, कदंब, महुआ, आंवला इत्यादि के लगभग 500 पौधे रोपे गए। इस दौरान ग्रीन आर्मी संस्था व हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस 2 सेजबहार से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 'अगले 10 वर्षों में महाराष्ट्र मंडल' पर खुली परिचर्चा आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के शहीद मेजर यशवंत गोरे स्मृति गणेशोत्सव में गुरुवार को खुली परिचर्चा का आयोजन किया जा रहा है। परिचर्चा का विषय 'अगले 10 वर्षों में महाराष्ट्र मंडल' रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होगा। परिचर्चा में कार्यकारिणी सदस्यों, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों, महिला केंद्रों की संयोजिकाओं व सह संयोजिकाओं के साथ-साथ आजीवन सभासद भी शामिल होकर महाराष्ट्र मंडल को लेकर अपनी परिकल्पनाओं को साझा कर सकते हैं। मंडल के मुख्य समन्वयक व परिचर्चा के संयोजक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि, पिछली परिचर्चा के अनुरूप इस बार भी सभी वक्ताओं की ओर मिलने वाले विचारों को संकलित और सहेजा जाएगा। उन सुझावों पर कब और कैसे अमल किया जाएगा, इस पर कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में चर्चा भी की जाएगी। मुख्य समन्वयक के अनुसार करीब नौ करोड़ की लागत से महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त भवन लोकार्पित किया जा चुका है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में मंडल ने अपना फीजियोथैरेपी सेंटर और दिव्य महाराष्ट्र मंडल न्यूज पोर्टल शुरू किया है।

# ट्रेन का जनरल टिकट मिलेगा मिनटों में, मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए टिकट काउंटर की लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बुधवार से स्टेशन पर यात्रियों के लिए तत्काल जनरल टिकट बनाने की नई आधुनिक मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत कर दी गई है। इस नए आधुनिक सिस्टम से स्टेशन पर टीटीई मिनट भर में हाईटेक तरीके से यात्रियों का जनरल टिकट काटेंगे।

बता दें कि राजधानी के रेलवे स्टेशन पर यात्री अनारक्षित टिकट काउंटर पर रोजाना लंबी लाइन पर लग कर जनरल टिकट बनाने की असुविधा से जूझते रहे हैं। स्टेशन पर रेल यात्रियों की इस समस्या से जुड़े मामले को हरिभूमि समाचार पत्र लगातार प्राथमिकता से प्रकाशित करता रहा है। अब चूंकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग की आधुनिक सेवा की सुविधा उपलब्ध कराई है, तो निश्चित ही इससे यात्रियों को जनरल टिकट बनाने के लिए काउंटर के सामने लंबी कतार से राहत मिलेगी। इसके साथ ही रेल यात्रियों की समय की बचत के अलावा जनरल टिकट बनाने के दौरान ट्रेन छूटने की झंझट से भी निजात मिलेगी। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा की शुरुआत पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों का जनरल टिकट अब टीटीई बनाएंगे। इससे टिकट बनाने यात्रियों को ना लंबी लाइन की झंझट रहेगी, ना ही घंटों इंतज़ार करना पड़ेगा।

यात्रा के दौरान टीटीई हाथों-हाथ सीधे यूटीएस टिकटिंग मशीन से टिकट बनाकर यात्रियों को उपलब्ध कराएगा, जिससे यात्रा सरल और तेज बनेगी। यह भी कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर रायपुर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि सरोकार

### मोबाइल यूटीएस मशीन से 3 मिनट में यात्रा टिकट मिलेगा

टीटीई स्टेशन परिसर में मोबाइल यूटीएस मशीन द्वारा 3 मिनट के भीतर यात्रियों को टिकट उपलब्ध करा सकेंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों से आग्रह किया है कि यात्री अधिक से अधिक डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाएं और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने में सहयोग करें। इन मशीनों से इन माध्यमों से टिकट बुक कर टिकट काउंटर में लगने वाली लाइन से निजात पाएं और अपना कीमती समय बचाकर सुहाने सफर का लाभ उठाएं।



*स्टेशन पर डीआरएम ने सेवा का किया शुभारंभ : स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक दयानंद द्वारा मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा का शुभारंभ किया गया। डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीन टीटीई स्टाफ को सौंपी। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि यह मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा रायपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की कड़ी में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे स्टेशन के यात्रियों को यात्रा के दौरान तत्काल टिकट प्राप्त करने में आसानी होगी। इसी तरह आने वाले समय में इन मशीनों की संख्या में और इजाफा किया जाएगा। साथ ही यात्रियों के लिए लगातार रेलवे की ओर से आधुनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी की जा रही है। स्टेशन पर मोबाइल यूटीएस टिकटिंग सेवा से अब टीटीई यात्रियों के लिए सीधे मोबाइल से टिकट बना सकेंगे। इससे टिकट काउंटर पर लंबी कतारों से राहत मिलेगी। इससे यात्रियों का सफ़र सुविधाजनक बनेगा।*

- डीआरएम ने 5 नए मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनें स्टेशन टीटीई स्टाफ को सौंपी, यात्रियों को टिकट काउंटर की लंबी लाइन से मिलेगी राहत

**डाग बाइट की घटना घटी, निगम बेसुध**

## आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया

# आवारा कुत्ते से बचाने गए छोटे भाई पर भी किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मोवा इलाके में मंगलवार सुबह आवारा कुत्ते के हमले से घायल मासूम विवेक यादव को बचाने गए उसके छोटे भाई पर भी खूंखार कुत्तों ने हमला किया था। पिता रामेश्वर यादव अपने दोनों बच्चों को लेकर सुबह बाजार जा रहे थे, तभी घटना हुई।। इस दौरान पहले विवेक को आवारा कुत्ते ने काटा, दूसरे भाई ने किसी तरह उसे भगाया। इस दौरान छोटे भाई पर आवारा कुत्ते ने हमला किया।

दरअसल, बलौदाबाजार के ग्राम लटेवा के रहने वाले रामेश्वर यादव पिछले पांच साल से अपने परिवार के साथ रोजी-मजूरी करने रायपुर आए हैं। वे डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के मोवा स्थित राममंदिर पुरानी बस्ती के पास किराये के मकान में रहते हैं। मंगलवार सुबह वे अपने दो बच्चों के साथ बाजार जाने निकले थे, तभी अचानक आवारा कुत्तों ने उनके बेटे विवेक यादव को नोचकर जख्मी कर दिया।

इस गरीब परिवार का हालचाल जानने अब तक न तो नगर निगम के अधिकारी आए, न ही क्षेत्र के जन -प्रतिनिधि। यहां तक कि संबंधित जोन के अधिकारी भी भुक्तभोगी परिवार के बीच नहीं पहुंचे हैं। 5 वर्षीय बालक विवेक यादव के गाल, हाथ और पीठ वाले हिस्से को आवारा कुत्ते ने हमला कर जगह - जगह-जगह से नोचा है। प्रभावित परिवार ने हरिभूमि को बताया कि जिला अस्पताल वालों ने रेबीज टीके का दूसरा डोज लगाने 28 अगस्त को अस्पताल बुलाया है। इसी तरह 1 सितंबर को तीसरा डोज और 2 सितंबर को रेबीज का चौथा डोज लगवाने के लिए आने कहा है।

### निगम ने अब तक नहीं ली सुध

- समाचार पढ़कर भुक्तभोगी पिता से मिलने पहुंचे पार्षद आकाश तिवारी, कहा- कठोर कदम उठाने की जरूरत



### जल्द शुरू होगा डॉग शेल्टर

मोवा क्षेत्र में हुई डॉग बाइट की घटना वाकई चिंतनीय है। सोनडोंगरी में नवनिर्मित डॉग शेल्टर को जल्द शुरू किया जाएगा। आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर सर्जरी करने वाली टीम को बढ़ाएंगे, ताकि डाग बाइट की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

**- मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

### यादव परिवार के बीच पहुंचे आकाश तिवारी

*बुधवार को इस घटना की खबर समाचार पत्र में पढ़ने के तत्काल बाद नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी यादव परिवार से मिलने पहुंचे और प्रभावित परिवार के बच्चे का दर्द बांटने का प्रयास किया। साथ ही जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही कराने की बात कही। आकाश तिवारी ने परिवार वालों से पूछा कि क्या अभी तक नगर निगम से कोई उनके पास पहुंचा है? जवाब मिला कोई भी हमसे मिलने नहीं आया, न ही बच्चे का हालचाल पूछा। आकाश तिवारी ने कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई और निगम प्रशासन ने सुध तक नहीं ली, यह समझ से परे है। गरीब परिवार के साथ हुई घटना को लेकर दलगत राजनीति से उठकर सोचने की जरूरत है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। आकाश तिवारी ने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है, उनको किसी भी प्रकार की सहायता की जरूरत है, तो वे उसके लिए हमेशा हरसंभव मदद के लिए तैयार हैं।*

### निदान 1100 में आवारा कुत्तों की शिकायत, 15 को पकड़ा, कराई सर्जरी



**रायपुर।** मोवा क्षेत्र में मंगलवार को 5 वर्षीय बालक विवेक यादव पर आवारा कुत्तों के हमले की खबर के बाद नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम हरकत में आई है। जन शिकायत की ऑनलाइन प्रणाली निदान 1100 में मोवा, अंवतिविहार, शंकरनगर, चंगोराभाठा क्षेत्र से आवारा कुत्तों को पकड़ने लोगों ने शिकायत की। शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉग केचर भेजकर 15 आवारा कुत्तों की इन क्षेत्रों में धरपकड़ की। पकड़े गए कुत्तों को डॉग केचर वाहन की सहायता से शासकीय पशु चिकित्सालय बैरनबाजार ले जाया गया, जहां पशु चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उनकी सर्जरी कराई गई। शहर में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों ने अब अलग-अलग इलाकों से फोन कर ऑनलाइन शिकायत करनी शुरू कर दी है। पिछले 1 माह में शहरभर से 611 शिकायतें लोगों ने निदान 1100 में आवारा कुत्तों को पकड़ने की है। इसमें 431 शिकायतों का समय रहते निराकरण हुआ, वहीं 161 शिकायतें ऐसी भी रही, जिसमें शिकायतकर्ता को समय पर रिस्पांस नहीं मिला। 16 स्पॉट पर स्वास्थ्य विभाग के डॉग केचर की टीम आज तक कुत्ता पकड़ने नहीं पहुंच पाई।

- मोवा, अवंतिविहार, कोटा, शंकरनगर, चंगोराभाठा से मिली शिकायत

## निगम के को-वर्किंग स्पेस में होगा स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सुमित श्रीवास्तव होंगे मुख्य वक्ता

राजधानी रायपुर में स्टार्टअप ईको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए रायपुर नगर निगम और बिजनेस गृह के संयुक्त तत्वावधान में स्टार्टअप फाउंडर्स मीट-अप का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 सितंबर को शाम 4 से 6 बजे तक संचालित होगा। भाठागांव के इंटर स्टेट बस टर्मिनल परिसर स्थित नगर निगम के को-वर्किंग स्पेस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में देश के जाने-माने स्टार्टअप विशेषज्ञ और स्टार्टअप चौपाल के फाउंडर सुमित श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। वे स्टार्टअप जगत में कई शुरुआती उद्यमियों को निवेश और मार्गदर्शन प्रदान कर चुके हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सफल स्टार्टअप की नींव कैसे रखें, उद्यमियों के लिए फंडिंग और निवेश के अवसर तथा टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टार्टअप्स की संभावनाएं विषय की सारगर्भित जानकारी दी जाएगी।

### नरेन्द्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ की बैठक हुई

**रायपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंच का 26 अगस्त को रावाभाठा में बैठक आयोजित की गई। जहां प्रदेश अध्यक्ष पदमा चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेन्द्र मोदी विचार मंच में 28 प्रकोष्ठ है और जल्द हीं सभी जिले के कार्यकारणी का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही बैठक में अन्य महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। इस बैठक के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कुन्दन शर्मा, मोनू भाटी, मनोहर साहू, अश्वनी पटेल, सुभाष तिवारी, प्रतिभा पाण्डेय, कन्हैया पटनिहा, नीरज पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# विभागीय चेतावनी के बाद उग्र हुए हड़ताली राजधानी में बड़े धरना-प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य संचालनालय के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की मिली चेतावनी के बाद एनएचएम के कर्मचारी आक्रोशित हो गए हैं। उनके द्वारा राजधानी में उग्र प्रदर्शन की तैयारी की जाएगी। अपने अनोखे अंदाज में हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने पीपीई किट पहन भीख मांगकर प्रदर्शन किया।

एनएचएम के कर्मचारियों का कहना है कि सरकार उनकी 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया और मंत्री ने बिना किसी आदेश के गलत बयान दिया है। संघ इस धोखे के विरोध में आंदोलन को और उग्र करने की तैयारी में है। पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। उनके हड़ताल की वजह से शासकीय अस्पतालों के ताले लगे हुए हैं। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं।

अस्पतालों में भीड़ बढ़ रही है और जीवन दीप समिति के कर्मचारियों पर ड्यूटी का दबाव डाला जा रहा है, जो बिना उचित प्रशिक्षण के केवल सहयोगी भूमिका निभाते हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी और प्रदेश प्रवक्ता पूरन दास ने कहा कि 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है।




- पीपीई किट पहनकर किया प्रदर्शन
- 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होता उनका आंदोलन अनवरत जारी रहेगा
- 20 माह के कार्यकाल में 150 से अधिक बार आवेदन और निवेदन देने के बावजूद, सरकार ने नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि जैसी फाइलों को रोककर रखा है

# डेढ़ करोड़ का गार्डन बनकर तैयार, सितंबर से लोगों को मिलेगी मनोरंजन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरटीओ ऑफिस के पास बिरगांव निगम क्षेत्र में पहला गार्डन बनकर तैयार है। सितंबर में रावांभाठा, कैलाश नगर, बंजारी नगर और डीएम टॉवर जैसी पॉश कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी गार्डन में मॉर्निंग वॉक और मनोरंजन की नई सुविधा मिलने वाली है। इस गार्डन का रखरखाव और संचालन करने के लिए निगम ने जिम्मेदारी तय करने का निर्णय लिया है। इस तरह की व्यवस्था लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए है।रावांभाठा क्षेत्र के लोगों को मनोरंजन की नई सुविधा देने की कवायद अब रंग लाने वाली है। इस सुविधा के लिए निगम ने शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण एजेंसी से काम शुरू करवाया था। आरटीओ कार्यालय के पास 1.56 करोड़ में लोगों को मॉर्निंग वॉक की नई सुविधा देने के लिए प्रस्तावित गार्डन बनकर तैयार है। एजेंसी ने जमीन समतल करने के बाद काम शुरू किया और तय समय पर इस प्रोजेक्ट को पूरा किया है। इसके चलते हर्षित विहार क्षेत्र के लोगों को भी मनोरंजन की सुविधा के लिए अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। गार्डन के आसपास खान-पान के लिए स्पाट विकसित होगा। इससे परिवार के साथ घूमने आने वाले लोगों को बेहतर माहौल मिलेगा। गार्डन को उपद्रवी तत्वों से बचाने के लिए सुरक्षा इंतजाम भी किए जाएंगे।

हरिभूमि सरोकार

### हरियाली के लिए निगम ने रोपे पौधे

*निगम ने जिस स्थान पर गार्डन विकसित किया है, वहां हरियाली के लिए पेड़-पौधे भी रोपे गए हैं। बरसात में विभिन्न तरह के पौधे रोपने से अब हरियाली भी बिखरने लगी है। काली मिट्टी डालने का काम पूर्व में किया गया था। सालभर पहले रोपे गए सैकड़ों पौधे अब आकार लेने लगे हैं। आगामी महीने में घूमने-फिरने की सुविधा देने की तैयारी है। सुबह गार्डन में पहुंचने वालों के लिए पाथवे निर्माण और योगाभ्यास के लिए योग स्थल भी बनवाया गया है। यहां सुबह और शाम को घूमने पहुंचने वाले लोगों को सेहत बनाने के लिए नई सुविधा मिलने वाली है।*

- बिरगांव निगम क्षेत्र की जनता को सितंबर में आरटीओं कार्यालय के पास मिलेगी सौगात



### जल्द लोगों को मिलेगी नई सुविधा

गार्डन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसका उद्घाटन करने के लिए डिप्टी सीएम अरुण साव और ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू से समय मिलने पर आगे की प्रक्रिया करेंगे। गार्डन की देखभाल करने के लिए वहां कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पहले गार्डन में मिलेगी यह सुविधा

ट्रांसपोर्ट नगर में लोगों की मांग पर निगम ने गार्डन बनवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। गार्डन बनाने से पहले बाउंड्री बनाने के बाद आने-जाने के लिए दो आकर्षक गेट बनाए गए हैं। इसके बाद गार्डन में पौधा रोपण, पेवर, घूमने आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की गई है। स्ट्रीट लाइट का काम भी कुछ दिनों में एजेंसी को पूरा करने कहा गया है। गार्डन को निगम ने समय पर पूरा करने का प्रयास किया। निगम सूत्रों ने बताया कि डिप्टी सीएम एवं विभागीय मंत्री अरुण साव से उद्घाटन के लिए समय मिलते ही सितंबर में लोगों को नई सुविधा मिलेगी।




**प्रोजेक्ट धड़कन, बच्चों के हृदय की विशेष जांच :** रायपुर। प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत बच्चों के हृदय स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल शासकीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में की जा रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की प्रारंभिक पहचान कर समय पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है।




## बिजनेस साइट

### बैंक-बीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर की 58वीं बैठक हुई



**रायपुर।** बैंक-बीमा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), रायपुर की 58वीं बैठक का आयोजन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय में किया गया। बैठक में 23 सदस्य कार्यालयों के प्रमुख, राजभाषा अधिकारी और अन्य कर्मचारी शामिल हुए। मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा, उपनिदेशक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भोपाल ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा की और हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता बी. आर. रामा कृष्णा नायक, आंचलिक प्रमुख, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने की। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालयों को नराकास शील्ड से सम्मानित किया गया एवं हिंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पत्रिका 'क्षितिज' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन उप आंचलिक प्रमुख राजेश कुमार सिंह के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### अहलूवालिया हॉस्पिटल : आधुनिक चिकित्सा का भरोसेमंद नाम






**रायपुर।** रामसागर पारा स्थित अहलूवालिया हॉस्पिटल शहर के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों में से एक बन चुका है। नेमीचंद गली में स्थित यह हॉस्पिटल अत्याधुनिक उपकरणों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ ईएनटी, डेंटल, मुख कैंसर और प्लास्टिक सर्जरी जैसी सेवाएं प्रदान करता है। डॉ. गौरव अहलूवालिया के नेतृत्व में यहां लगातार जटिल मामलों का सफल इलाज हो रहा है। हाल ही में, हॉस्पिटल में गर्दन में पाए गए एक दुर्लभ डेसमॉइड ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया, जिसमें 1.6 किलोग्राम वज़न का ट्यूमर ईएनटी और ऑन्को-सर्जरी टीम ने मिलकर निकाला। दूसरे केस में, गले में फंसे मछली के कांटे को एंडोस्कोपी से बिना सर्जरी हटाया गया। इन उपलब्धियों ने अहलूवालिया हॉस्पिटल को रायपुरवासियों के लिए चिकित्सा क्षेत्र में एक विश्वसनीय केंद्र बना दिया है।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

किचन गार्डन में निकल रही आर्गेनिक ...

## सिटी इवेंट

### नवप्रवेशित छात्रों के परिचय सम्मेलन में कॉलेज के 9 दशक की यादों और उपलब्धियों को सराहा



**रायपुर।** शासकीय जे. योगानन्दम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ विभाग द्वारा बीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दीपशिखा विज ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी देना रहा, जहां उन्हें विषयों की महत्ता को बताया गया। महाविद्यालय की सह-शैक्षणिक गतिविधियों जैसे एनसीसी, एनएसएस व खेलकूद की भी जानकारी दी गई।

#### बीए के छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत




इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. तपेश चन्द्र गुप्ता, डॉ. मंजू वर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कविन्द्र कुमार बिन्दल और डॉ. दीपशिखा विज ने छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया। परिचय सम्मेलन के दौरान डॉ. वासुदेव साहसी ने महाविद्यालय के 1938 साल से अबतक के विभिन्न महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं पूर्व छात्रों के गरिमामय उपलब्धियों को बताया। यह महाविद्यालय राज्य का सबसे पुराना स्थापित महाविद्यालय है, जहां करीब 9 दशकों से देश-विदेश में विद्यार्थियों द्वारा नाम रोशन किया है। डॉ. मंजू वर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कार्यप्रणाली की जानकारी दी, वहीं डॉ. दीपशिखा विज ने इसके पहलुओं पर प्रकाश डाला। पूर्व छात्रदूत समर्थ पाण्डेय ने नीति से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. वासुदेव साहसी ने महाविद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, ख्यात बुद्धिजीवियों और शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान सौ से अधिक छात्र शामिल हुए। वहीं, डॉ. हेमलाल साहू, डॉ. सुनील तिवारी, डॉ. विभा चौबे उपस्थित थे।

## लाइव इवेंट

### वाइल्डलाइफ, वास्तुकला, लैंडस्केप, स्ट्रीट और लाइफस्टाइल थीम पर सजी फोटोग्राफी प्रदर्शनी



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के फोटोग्राफी क्लिक क्लब द्वारा तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 'ऑरा' का भव्य शुभारंभ बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों की रचनात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें फोटोग्राफी के माध्यम से दृश्य कला और कहानी कहने का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। ऐसे में स्ट्रीट, वाइल्ड लाइफ, ब्लैक एंड वाइट व पारंपरिक फोटोग्राफी थीम देखने को मिला। प्रत्येक फोटो एक सुंदर कहानी के साथ तैयार की गई है। जहां एक ओर पानी में मस्ती करते पक्षी, बंदरों का मनमौजी अंदाज और पशुओं के शिकार की कला को दर्शाया गया है। वहीं, दूसरी ओर स्ट्रीट थीम पर तैयार फोटो शहर के दैनिक दिनचर्या पर आधारित है, जहां तेज धूप में काम करती महिला, सब्जी बेचता मजदूर, अपने मिट्टी के आर्ट को सजाती मूर्तिकार जैसे 50 से अधिक फोटो प्रदर्शनी में लगाया गया है।




#### एनआईटी में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी 'ऑरा' प्रारंभ

उद्घाटन समारोह में एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, कॉर्पोरेट रिलेशन व रिसोर्स मोबिलाइजेशन के डीन डॉ. एस सान्याल, स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. मनोज कुमार चोपकर, डॉ. सुवेंदु मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर छात्रों की प्रत्येक तस्वीरों को बारीकी से निरीक्षण किया गया और उनकी कहानियों को समझने का प्रयास किया गया है। क्लिक क्लब के उत्साही सदस्यों ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न श्रेणियों की फोटोग्राफ्स के बारे में सभी अतिथियों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही हर श्रेणी के पीछे की रचनात्मक प्रक्रिया की व्याख्या भी की। इसमें वाइल्डलाइफ, वास्तुकला, लैंडस्केप, स्ट्रीट और लाइफस्टाइल की फोटोग्राफी जैसी कई विधाओं का समावेश है।

राजधानी में गणेशोत्सव का उत्साह स्थापना के चलते पहले दिन चरम पर रहा, चतुर्योग में दिनभर रहा स्थापना के लिए मुहूर्त

# विघ्नहर्ता के स्वागत में सड़क पर उत्सव, घरों-दफ्तरों में गूंजा मंत्रोच्चार, पंडालों में रिद्धि-सिद्धि संग विराजे गणेश

'विघ्नहर्ता के स्वागत का उत्साह बुधवार को मुख्य मार्गों पर ही नहीं, बल्कि बाजारों में भी देखने लायक था। बैंडबाजे और डीजे के साथ सैकड़ों भक्त रिद्धि-सिद्धि संग गणेश मूर्ति को अलग-अलग स्वरूप में लेकर निकले। जिस मार्ग से भी भक्तों का समूह निकला, उस क्षेत्र में उत्सव का माहौल भी बना। आराध्य देव की स्थापना के लिए दिनभर में चतुर्योगों का संयोग मिलने से घरों-आफिसों और पंडालों में सुबह से देर-रात तक स्थापना का सिलसिला चला। वहीं, बाजारों में रौनक इसलिए भी बढ़ने लगी है, क्योंकि अब स्कूलों में फैंसी ड्रेस की डिमांड बढ़ रही तो मिठाई दुकानों में भक्त अपनी पसंद की तलाश में जुट गए हैं।'



**रायपुर।** कई महीने से गणेशोत्सव समितियों की चल रही तैयारियां अब आस्था का रूप ले चुकी हैं। शहर के कालीबाड़ी चौक, आनंद समाज वाचनालय के पास स्थापना के चलते आने-जाने वाले लोगों को भी कुछ देर के लिए उत्सव का हिस्सा बनने का अवसर मिला। गणेश चतुर्थी पर इस साल भक्तों को गणेश स्थापना के लिए शुभ योग, आनंद योग, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में पूजा के लिए दिनभर में कई मुहूर्त मिले। इसके चलते पंडितों को भी यजमानों की सुविधा व व्यवस्था के तहत मूर्ति स्थापना के लिए पर्याप्त समय मिलने से कई बड़े आयोजकों ने इसका सदुपयोग भी किया। जिन पंडालों में काम पूरा नहीं हुआ था, वहां कारीगरों को सुबह से शाम तक बचे हुए पंडाल के काम को पूरा करने का अतिरिक्त समय मिलने से स्थापना का हिस्सा बनने के लिए समिति के लोग सपरिवार शामिल हुए।



### हरिभूमि आईएनएच 24 परिसर में विराजे गणेश

हरिभूमि आईएनएच 24 परिसर में श्री गणेश मूर्ति की स्थापना विधि-विधान से की गई। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह, हरिभूमि के स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, आईएनएच के संपादक राजेश लाहोटी ने मंत्रोच्चार के साथ विघ्नहर्ता की स्थापना के बाद आरती की। आईएनएच के ब्यूरो हेड शैलेश पांडे, आउटपुट हेड धीरज मिश्रा संयुक्त रूप से इस पूजा उत्सव में शामिल हुए।

### विष्णु अवतार की आकर्षक झलक, प्रतिमा खास

पुरानी बस्ती के लीली चौक के पास शिव स्वरूप में भगवान गणेश की आकर्षक मूर्ति स्थापित की गई। इसी तरह आनंद समाज वाचनालय के पास रिद्धि-सिद्धि के साथ भगवान गणेश मनमोहक मुद्रा में आकर्षण का केन्द्र बने। महितोष चौक के पास गणेश के साथ भगवान विष्णु के अवतार की एक झलक भी देखने लायक है। बूढ़ापारा में इस बार भी मूर्ति स्थापना में आसपास के लोग शामिल हुए। पास में ही भगवान गणेश के मंदिर में शाम को आरती में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा बुधवार की शाम भक्तों की भीड़ ज्यादा रही। कुछ इसी तरह का माहौल राठौर चौक, गुढ़ियारी, रामसागरपारा सहित सभी प्रमुख पंडालों में दिनभर मंत्रोच्चार की गूंज रही। छोटे पंडालों में सुबह स्थापना होने से शाम के समय आरती की थाली भी सजाई गई।







### स्वच्छता का भी रख रहे पूरा ध्यान

राकेश सिन्हा बताते हैं कि ग्राहक इस बार सोशल मीडिया और यूट्यूब को देखकर मिठाई कस्टमाइज्ड में कई डिमांड लेकर आ रहे हैं। इनमें ज्यादा मीठा पसंद करने वालों से लेकर हल्के मीठे के विकल्प मौजूद हैं। शॉप में काजू-चॉकलेट मोदक भी तैयार किया गया है। इसमें चीनी की जगह चॉकलेट की नैचुरल मिठास और काजू की क्रीमीनेस है। शॉप में स्वच्छता का ध्यान रखा जा रहा है। स्टाफ हाथों में ग्लब्स और बालों में हेयरनेट और शेफ़्स को पहनकर ही ग्राहकों को मिठाई बेच रहे हैं।





### गणेश को भोग लगाने बाजार में काजू चॉकलेट और मोदक में भी कई वेरायटी

भगवान गणेश का आगमन होते ही घरों और पंडालों में पूजा उत्सव की धूम मचने लगी है। भगवान को हर दिन की भोग-प्रसादी को खास बनाने वाले इस साल भी बाजार में कई वेरायटी उपलब्ध करवा रहे हैं। बड़े पंडालों को देखकर बच्चों ने भी सुन्दर और आकर्षक स्वरूप में आराध्य देव की पूजा शुरू की है। भगवान को खुश करने के लिए भक्त कई तरह की मिठाई के साथ घर में बनाए गए पकवान का भोग लगाने की तैयारी में हैं। भक्त उत्साह के साथ गणेश का आगमन होते ही मिठाई दुकानों में भोग प्रसादी के लिए कई वेरायटी में मोदक की खरीदारी करने से पहले बजट का आंकलन भी करने में जुटे हैं। मैंगो मोदक, कोकोनेट, मोतीचुर, मावा, पान मोदक, खोवा केसर, पंचमेवा, काजू-चॉकलेट मोदक के साथ लड्डू में आटा मिलाकर लड्डू बनवाने आर्डर दे रहे हैं। मोतीचुर और बेसन लड्डू की कई वेरायटी मिल रही हैं। ग्राहकों की मांग पर 500 ग्राम से डेढ़ किलोग्राम तक मोदक की पैकिंग तैयार करवा रहे हैं।



### 10 से ज्यादा वेरायटी में मोदक व लड्डू

संतोषी नगर स्थित मिठाई दुकानों में कई तरह के मोदक को बनाया जा रहा है। अनिल सोनी बताते हैं कि दुकान में 10 से ज्यादा वेरायटी में मोदक और लड्डू उपलब्ध हैं। जिसमें अलग-अलग फ्लेवर और स्टफिंग शामिल हैं। इनमें केसर, मावा, कोकोनट स्टफ्ड, चॉकलेट और काजू मोदक खास आकर्षण हैं। आटा लड्डू, मोतीचुर, बेसन के लड्डू की डिमांड ज्यादा हैं। उन्होंने बताया कि कस्टमाइज्ड मोदक 360 से 700 रुपए किलोग्राम हैं। वहीं, बनाए हुई 200 से 500 रुपए के बीच में बिक रहे हैं। ग्राहक पसंद से आर्डर देकर मोदक भी बनवा रहे हैं। इसमें काजू, किशमिश, बादाम, पिस्ता, खजूर और अखरोट जैसे ड्राई फ्रूट्स मिलाया जाने लगा है। खास बात है कि ग्राहकों को मार्केट में कई वेरायटी की मिठाई बजट के अनुरूप मिल रही है।

# स्कूलों के फेस्टिवल बेस्ड प्रोगाम में गणेश, कृष्ण और शिवजी के फैंसी ड्रेस का बच्चों में बढ़ा क्रेज

**रायपुर।** त्योहारों के इस सीजन में गणेश, कृष्ण और शिवजी के फैंसी ड्रेस गेटअप की स्कूली बच्चों में मांग बढ़ गई है। खासकर स्कूलों में हो रहे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं के चलते मार्केट में फैंसी ड्रेस स्टोर वालों की बल्ले-बल्ले हो गई है। शहर के पुरानी बस्ती मेन रोड पर दर्जन भर फैंसी ड्रेसेस की दुकानें सजी हुई हैं।

इन दुकानों से कई तीज-त्योहारों व वोकेशन के लिए तरह-तरह की फैंसी ड्रेसेस, ज्वेलरी व अन्य थीम बेस्ड गेटअप की सामग्रियों की हर सीजन में मांग हो रही है। पुरानी बस्ती मेनरोड पर संचालित फैंसी ड्रेस शॉप के संचालक अर्जुन शर्मा ने बताया कि यूं तो पार्टी वोकेशन के मुताबिक हर प्रकार के फैंसी ड्रेसेस, गेटअप के अन्य सजावटी सामानों की डिमांड रहती है। गौरतलब है कि बच्चे इन देवताओं के रूप में तैयार होकर अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक जड़ों को व्यक्त करते हैं। साथ ही शिक्षक स्कूल के कार्यक्रमों के लिए ऐसे गेटअप को प्रोत्साहित करते हैं। सांस्कृतिक महत्व में देवी-देवता भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। बच्चों के लिए इन्हें प्रस्तुत करना एक सांस्कृतिक शिक्षा का माध्यम है। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बच्चों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल दिखाने का एक मंच प्रदान करती है। इन किरदारों के माध्यम से बच्चे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के बारे में सीखते हैं।



### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में इन कैरेक्टर्स की डिमांड

गोलबाजार स्थित फैंसी ड्रेस के संचालक विरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि गणेश, कृष्ण और शिवजी बच्चों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं, जिससे उनके फैंसी ड्रेस के रूप में तैयार होने की इच्छा बढ़ती है। हालांकि, कुछ सालों से बच्चों के बर्थ-डे पार्टी, स्कूलों में होने वाले फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए पर्यावरण से जुड़े पेड़-पौधों, एनिमल्स कैरेक्टर्स, फनी व सुपरमैन के कार्टून कैरेक्टर, फेस्टिवल गेटअप में भगवान कृष्ण, गणेश, शिवजी, राधारानी, पार्वती, सरस्वतीजी के फैंसी ड्रेस की गेटअप की डिमांड खूब रहती है।

### बच्चों को इन किरदारों के महत्व और कहानियों से जोड़ने का प्रयास



इन गेटअप के लिए बच्चों को ऐसे परिधान पहनाए जाते हैं, जिनमें वे आसानी से हिल-डुल सकें और सहज महसूस करें। उदाहरण के लिए नीले रंग के कपड़े कृष्णजी के लिए। शिक्षक बच्चों को इन किरदारों के महत्व और कहानियों से जोड़ने का प्रयास करते हैं, ताकि फैंसी ड्रेस केवल दिखावे तक सीमित न रहे।

समाज लाइव

# सिंधी समाज ने साईं सेहरा वाले का किया स्वागत, आज निकालेगा जुलूस



**रायपुर।** सिंधी समाज द्वारा बनाए जा रहे चालीहा महोत्सव के समापन के अवसर पर अहमदाबाद के साईं सेहरा वाले का बुधवार को नगर आगमन हुआ। इसी दौरान समाजजनों ने साईं सेहरा वाले का भव्य स्वागत किया। समाजजनों द्वारा एयरपोर्ट के अलावा शहर में विभिन्न जगहों पर बम फटाखों, आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर तथा शाल श्रीफल व पुष्प माला से भव्य स्वागत किया गया। इसके अलावा 28 अगस्त की शाम को तेलीबांधा गली नं 2 से साईं शेहरा वाले के पावन सानिध्य में भव्य जूलूस निकाला जाएगा, जिसमें 351 आस की मटकी ज्योत व बहराणे साहब की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे। इस मौके पर सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थवानी, सुभाष बजाज व तनेश आहूजा ने बताया कि स्वागत करने वालों में महेश दरयानी, महेश रोहरा, मुकेश थवानी, तनेश आहूजा, सुभाष बजाज, अमर चंदनानी, संस्कार बजाज, कृतिका बजाज, भाविका झामनानी, जिया खत्री, प्रांजल बजाज आदि शामिल थे।

सिटी लाइव

# माइनर और ऑनर्स का मिला विकल्प डिग्री के साथ एक अतिरिक्त विशेषज्ञता



**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित नए शैक्षणिक सत्र की तैयारी पूर्ण हो गई है। 29 अगस्त से बीटेक, एमटेक और पीएचडी विभाग के नवप्रवेशित छात्रों के लिए संचालित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो.राजीव प्रकाश उपस्थित रहेंगे। बीटेक पाठ्यक्रम में छात्रों को मेजर, माइनर और ऑनर्स के विकल्प दिए जाएंगे। तीसरे सेमेस्टर से प्रत्येक छात्र किसी एक माइनर स्ट्रीम का चयन कर अपनी मुख्य डिग्री के साथ एक अतिरिक्त विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेंगे।

### शिक्षक करेंगे उपलब्ध संसाधनों का उपयोग

संस्थान के निदेशक प्रो. ओमप्रकाश व्यास ने बताया कि संस्थान के शिक्षकों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विद्यार्थियों के लिए रोजगारपरक नई अकादमिक संरचना तैयार की है। इस वर्ष बीटेक के छात्र डिजिटल ह्यूमैनिटीज़, साइबर सिक्योरिटी, डिजिटल फॉरेंसिक्स, डिजिटल मोबिलिटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी, क्वांटम कंप्यूटिंग, बिज़नेस इंफॉर्मेटिक्स में से किन्ही एक का चयन माइनर स्ट्रीम्स में कर सकते हैं।

रसोई के लिए सालभर ताजी मसालेदार सब्जियों के लिए कालोनियों के घरों में महिलाएं विकसित कर रहीं गार्डन

# किचन गार्डन में निकल रही आर्गेनिक और ताजा करी पत्ती, मेथी में लगा रहें तड़का, हरा धनिया, हरी मिर्च की सब्जियां बढ़ा रही खाने का जायका

शहर की कॉलोनियों के घरों में महिलाएं किचन गार्डन विकसित कर रही हैं। किचन गार्डन में रोजाना मसाले के तौर पर जरूरत पड़ने वाली सब्जियां उगाई जा रही हैं। इनमें करी पत्ता, हरा धनिया, हरी मिर्च, मेथी की पत्तेदार सब्जी किचन गार्डन में लहलहा रही हैं। शहर की रायपुरा निवासी रचना पांडे बताती हैं कि उन्होंने यह किचन गार्डन का कांसेप्ट अपनी नागपुर वाली मौसी के यहां से कॉपी किया हैं। वहां कॉलोनियों में ज्यादातर घरों में किचन गार्डन विकसित किए गए हैं, जहां अपने किचन के लिए हाउसवाइफ तुरंत रोजाना ताजा करी पत्ता, हरा धनिया, हरी मिर्च, पुदीना, मेथी जैसे मसाले व औषधीय उपयोग की सब्जियां तोड़कर उसका उपयोग करते हैं।





### ऐसे विकसित करें किचन गार्डन

किचन गार्डन विकसित करने के तरीके के बारे में बागवानी विशेषज्ञ विजय साहू बताते हैं कि घरों के बालकनी में रखे गमलों या अपने होम गार्डन पर कुछ मसालेदार सब्जियां आसानी से उगा सकते हैं, जैसे करी पत्ता, किचन में तड़के के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल आमतौर पर होता ही है। इसे गमले में मिट्टी भरकर उसमें करी पत्ते का बीज डालकर या कलम भी लगा सकते हैं। वहीं, पुदीना के पौधे का इस्तेमाल न केवल खाने के स्वाद को बढ़ाने के लिए करते हैं, बल्कि इससे तरह-तरह के ड्रिंक्स और चटनियां भी बनाते हैं। पुदीने के पौधे की डाल को गमले की मिट्टी में दबा दें तो यह बड़ी आसानी से पौधा बन जाता है और सालभर हरा-भरा रहता है। इसी तरह हरी मिर्च के पौधे, धनिया के पौधे, लेमनग्रॉस को आसानी से नियमित सामान्य पानी की सिंचाई से बालकनी व होम गार्डन के गमलों में उगा सकते हैं।

**रायपुर।** ये पौधे किचन गार्डन में बरसात में बड़ी आसानी से उगाए जा सकते हैं। ये पौधे न केवल घर में ताजगी लाते हैं, बल्कि खाना बनाने में भी काम आते हैं। सही मिट्टी, पानी और देखभाल से घर का किचन गार्डन सालभर हरा-भरा और उपयोगी बना रहता है। बरसात के मौसम में गार्डनिंग का एक अलग ही मजा होता है। इस मौसम में पौधे बड़ी आसानी से लग जाते हैं और थोड़ी-सी मेहनत में ही बगीचा लहलहा उठता है। ऐसे में घर पर अपना एक किचन गार्डन बनाने की सोच रहे हैं तो यह मौसम इसके लिए बिल्कुल सही है। किचन गार्डन में बड़ी आसानी से ऐसे हर्ब्स उगा सकते हैं, जिनकी खुशबू से खाने का जायका बढ़ सकता है। इन महंगे हर्ब्स को खरीदने के लिए रोजाना बाजार से खरीदारी करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

### जायके के साथ घर के वातावरण में भी ताजगी का एहसास

रसोइयों व बागवानी विशेषज्ञों का कहना है कि किचन गार्डन के अपने फायदे हैं। रसोई में रोजाना ताजी सब्जियों का जायका लेने के साथ ही यह घर के वातावरण में भी ताजगी का एहसास कराता है। इसके अलावा रसोई के बजट को भी संतुलित बनाता है। गौरतलब है कि ताजी मसालेदार सब्जियों में धनिया, मेथी, करी पत्ते, पुदीना बाजार में हर मौसम में महंगे बिकते हैं। ऐसे में किचन गार्डन की सब्जियों, मसालों से बाजार की निर्भरता दूर हो जाती है।



### रोज ताजी व आर्गेनिक सब्जियां ले रहें

भाठागांव निवासी मनीषा साहू ने अपने घर के आंगन व बालकनी के गमलों में करी पत्ता, धनिया, हरी मिर्च, लाल भाजी, पालक, भटा, मेथी, प्याज, हल्दी, अदरक की मसालेदार पौधे व सब्जियां उगाई हैं। उनका कहना है कि किचन गार्डन तैयार करने से उनको लाभ यह हुआ है कि बिना किसी पेस्टीसाइड के प्रयोग से आर्गेनिक तरीके से रोजाना तड़का लगाने मसालेदार पत्ते व जायका के लिए सब्जियां ले लेते हैं।

### किचन गार्डन तैयार करना आसान

देवेंद्र नगर निवासी मेघा दीक्षित भी अपने घर के किचन गार्डन में सीमेंट, मिट्टी के गमले व प्लास्टिक की थैलों में करी पत्ता, धनिया, मूली, हरी मिर्च, लाल भाजी, पालक, भटा, मेथी, प्याज, हल्दी, अदरक, पुदिना, ग्रासलेमन आदि मसालेदार पौधे व सब्जियां प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि किचन गार्डन घर में विकसित करना बहुत ही आसान है। सीमेंट, मिट्टी के गमले व प्लास्टिक की थैलों में मिट्टी भरकर उक्त मसालेदार व हरी सब्जियों के बीजों को सामान्य तौर पर डाल दो, फिर किचन से निकले वाले सब्जी, चावल साफ किए पानी से इसे सिंचाई कर लें। कुछ ही समय में किचन गार्डन लहलहा उठेगा।

# अपनी सीमा में रहना ही प्रतिक्रमण : मनीष सागरजी

**रायपुर।** टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में बुधवार को परम पूज्य उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी श्रीमनीष सागरजी महाराज की पावन निश्रा में संवत्सरी पर्व क्षमापना मनाया गया। संपूर्ण ब्रह्मांड के 84 लाख योनि के जीवों से जाने व अनजाने में हुई सभी भूलों के लिए क्षमायाचना की गई। इससे पहले उपाध्याय भगवंत ने धर्मसभा में सीख दी कि अपनी सीमा में रहना ही प्रतिक्रमण है। अपने भीतर के दोषों को निकालना ही प्रतिक्रमण है। प्रतिक्रमण को भार नहीं, आभार मानें। पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन उपाध्याय भगवंत ने प्रतिक्रमण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रतिक्रमण तो हम हर साल करते हैं। श्रद्धा के साथ ज्ञान का भी होना जरूरी है। हमारे भीतर श्रद्धा तो बहुत है, तभी हम हर साल प्रतिक्रमण करते हैं। हमारे भीतर ज्ञान नहीं होता कि कैसे करना है। जैसे व्यक्ति पूरा है और आंख नहीं होगी तो वह ठोकरें ही खायेगा। वैसे ही ज्ञान के बिना श्रद्धा अंधविश्वास हो जाती है। हमें श्रद्धा रखकर तो प्रतिक्रमण करना ही है। ज्ञानपूर्वक प्रतिक्रमण करेंगे तो बहुत लाभ होगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि प्रतिक्रमण का अर्थ ही है अपनी सीमा में आ जाना। हम सभी ने स्वेच्छा से साल भर तो अपनी सीमाओं को क्रॉस किया है। हम मन, वचन और काया से अपनी सीमा को क्रॉस करते हैं। मन का अतिक्रमण तो साल भर चलता है। जब हम इस पर विचार करते हैं तो हम खुद से आंख नहीं मिला पाते। मन के भीतर निरंतर भावों की धारा बहती रहती है। अधिकांश बार हम अपनी सीमाओं का उल्लंघन करते हैं। कई बार सामाजिक भय से हम मन, वचन और काया के दोष से बच जाते हैं। लगातार कर्मबंधन करते हैं। कर्मबंधन का संबंध ही मन से है।



### क्षमापर्व पर हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैद्मुथा ने बताया कि उपाध्याय भगवंत की पावन निश्रा में क्षमापर्व पर बुधवार को विविध धार्मिक आयोजन हुए। प्रातःकाल साढ़े 5 बजे पौषध प्रतिक्रमण से दिन की शुरुआत हुई। इसके बाद लाभार्थी परिवार ने सुबह 7 बजे उपाध्याय भगवंत को बारसा सूत्र बोहराया। पांच ज्ञान की पूजा के लाभार्थी परिवारों ने पूजा की। इसके पश्चात बारसा सूत्र का वाचन प्रारम्भ हुआ। दोपहर 2:30 बजे संवत्सरी प्रतिक्रमण का शुभारंभ श्रावकों के लिए पटवा भवन और श्राविकाओं के लिए विवेकानंद नगर के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय में हुआ। श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। सभी समाजजनों ने धर्म लाभ लिया।

# क्षमा याचना के साथ आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शांति प्राप्त करने का अवसर है क्षमापर्वः साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी

**रायपुर।** पूज्य हंसकीर्ति श्रीजी मसा की पावन निश्रा में बुधवार को शहर के एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी में क्षमापर्व बड़े उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दिनभर चले विविध धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लिया और धर्म लाभ प्राप्त किया। सभी ने मिच्छामी दुक्कडम् कहकर एक-दूसरे से क्षमा याचना की। किसी ने गले लगाकर, तो किसी ने हाथ जोड़कर अपनी भूलों के लिए माफी मांगी और विनम्रता से कहा, यदि मुझसे जाने-अनजाने में कोई गलती हुई हो तो मैं क्षमा प्रार्थी हूं। प्रातःकाल 5.30 बजे पौषध प्रतिक्रमण के साथ दिन की शुरुआत हुई। इसके बाद सुबह 8 बजे मूल बारसा सूत्र वाचन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने गहन श्रद्धा के साथ सहभागी होकर आत्मिक शांति का अनुभव किया। दोपहर 1.30 बजे छोटे बच्चों वाली महिलाओं के लिए विशेष गिरनार दरबार का आयोजन पुराने चल मंदिर में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



### पर्युषण पर्व जैन धर्म का पवित्रतम पर्व

आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत बुधवार को पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की सप्तम प्रभात पर दादाबाड़ी में आयोजित प्रवचन में परम पूज्य साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी मसा ने कहा, पर्युषण पर्व जैन धर्म का सर्वोत्तम और पवित्रतम पर्व है। यह केवल साधना और तपस्या का समय नहीं है, बल्कि आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शांति प्राप्त करने का अवसर भी है। इस पर्व का सबसे महत्वपूर्ण संदेश है क्षमा। क्षमा का अर्थ केवल औपचारिक रूप से माफी मांगना नहीं, बल्कि दिल से दूसरों की गलतियों को माफ करना और स्वयं भी अपनी भूलों को स्वीकार कर प्रायश्चित करना है। यही क्षमा का वास्तविक स्वरूप है। उत्तम क्षमा पर्व की परंपरा जैन धर्म में हजारों वर्षों से चली आ रही है।

# कौशल्या माता को नम आंखों से दी गई विदाई



**रायपुर।** चित्रोत्पला लोक कला परिषद ने चंदखुरी में 23 से 27 अगस्त तक अयोध्या की मिट्टी से निर्मित माता कौशल्या की मूर्ति स्थापित कर उसके संग तीजा तिहार मनाने की परंपरा निभाई। इसमें आसपास की महिलाओं ने सहभागिता निभाई और आयोजन को उत्सव का रूप देने के लिए अपने-अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की महिलाएं तीजा पर्व पर अपने मायके जाकर जिस तरह से तीजा व्रत का नियम करती हैं। कुछ उसी तरीके से लोक परंपरा तथा लोक रीति रिवाज से मनाया गया है। व्रत पारणा के बाद बुधवार को महिलाओं और आयोजकों ने नम आंखों से विदा किया।

### परंपरा का हिस्सा बने क्षेत्र के लोग

इस साल माता कौशल्या भी लोक परंपराओं का निर्वाह करते हुए पांच दिन मायके में पंडवानी गायिका प्रभा यादव के घर रही। जहां माता ने करू भात खाकर उपवास किया और सुबह बासी खाने सभी बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया। शाम को माता को चंदखुरी फार्म तथा चंद्खुरी के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण करवाने के बाद जनसेल तालाब में अंतिम विदाई दी गई। डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर,शोभा यादव, प्रतीक वेश, हेमलाल पटेल, संत फरीकार, विशाल वर्मा ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। इस उत्सव में क्षेत्र के लोगों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया और परंपरा का हिस्सा बने।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

Grow your Business
For Enhance Your Business
Boost Your Money flow
Unblock Your Potential
Unblock Your business
Clear All Bandhan Dosh
Clear All Graha Block Magic
Received Unlimited Abundance
CHARGED DHOOP
S. Nitin Astrology & Numerology Expert
www.snitinnumerological.com 7000074769

सफलता/ स्वास्थ्य की कूंजी है
Energy 'औरा'
कुण्डली स्वास्थ्य पूजा पाठ
कुण्डली, 'औरा', पंचतत्व व स्वास्थ्य में एक साथ प्रमाणिक सुधार की अद्भुत विधि
समझे बिना कहीं भी अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी
Office- 11 A, Ravi Nagar, Pandri Raipur 76919 06755, 98267 09504

UNLIMITED QUALITY FOOD
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21ST JULY 2025
299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

SHREEJI INN HOTEL & RESTAURANT
AMPLE NUMBER OF CAR PARKING SPACE - (150+CAR PARK AT A TIME)
FOR SMALL FUNCTIONS BANQUET HALL CAP : 30-200 PAX
BOOKING NOW +91 9329744444
Ring Road No. 1, infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

अंकित बाउण्ड्रीवाल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें
व्ही.आई.पी. रोड, रायपुर, मो. 98279-59655


मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262


जय माँ समलाई
जय जय जगन्नाथ
गणपति बप्पा मोरिया
नुआखाई पर्व पर अवकाश घोषित करने पर
मान. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी एवं उत्तर रायपुर विधायक
श्री पुरंदर मिश्रा जी का उत्कल समाज द्वारा कोटि कोटि आभार एवं धन्यवाद
पर्व है नई फसल के आगमन का, धरती के वंदन अभिनंदन का
कुलदेवता के पूजन-अर्चन का, पकवानों के रसास्वादन का
उत्कल समाज सहित समस्त छत्तीसगढ़वासियों को
नुआखाई जुहार
पुरंदर मिश्रा
विधायक - रायपुर उत्तर विधानसभा
श्रीमती सावित्री जगत

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# अमेरिकन संगीत की दुनिया का जाना माना नाम ब्रेंट हिंड्स ने दुनिया को कहा अलविदा



ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। ब्रेंट हिंड्स अमेरिकन संगीत की दुनिया का जाना माना नाम थे। हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट और ग्रैमी पुरस्कार विजेता ब्रेंट हिंड्स की 51 साल की उम्र में मौत ने सभी कौ चौंका दिया। पूर्व गायक का निधन सड़क दुर्घटना के कारण हुआ, जिसकी जानकारी उनके बैंड के सदस्यों ने दी। इस घटना से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। ब्रेंट हिंड्स के मौत की जानकारी उनके बैंड के अधिकारियों ने दी। हालांकि, अटलांटा पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात हार्ले-डेविडसन मोटरसाइकिल चलाते समय गायक की मौत हो गई। ये घटना बीएमडब्ल्यू एसयूवी चालक द्वारा सड़क पर मोड़ लेते समय हुई। मिली जानकारी के मुताबिक घटनास्थल पर ही ब्रेंट हिंड्स बेसुध हो गए थे। इस दुखद घटना के सामने आते ही दिवंगत ब्रेंट हिंड्स के बैंड ने सोशल मीडिया के जरिए दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'हम बहुत दुखी और स्तब्ध हैं और अभी भी शानदार कलाकार के जाने के गम को भुलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे व्यक्ति को जिसके साथ हमने इतनी सारी सफलताएं, उपलब्धियां और संगीत का निर्माण किया, जिसने इतने सारे लोगों के दिलों को छुआ।' ब्रेंड हिंड्स का जन्म 16 जनवरी 1974 को अमेरिका के हेलेना शहर में हुआ था। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे।

### टॉलीवुड

# तेजा की 'मिराई' की नई रिलीज डेट तय, दर्शकों के लिए थोड़ा इंतजार



'हनुमान' एक्टर तेजा सज्जा के फैंस को उनकी फिल्म 'मिराई' के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को टाल दिया गया है। फिल्म 'हनुमान' से रातोंरात प्रसिद्धि हासिल कर चुके एक्टर तेजा सज्जा अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिराई' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म 'हनुमान' के बाद प्रशंसकों को उनकी आगामी फिल्म 'मिराई' से काफी उम्मीदें हैं। लेकिन 'मिराई' के लिए तेजा के फैंस को थोड़ा और इंतजार करना होगा।

तेजा सज्जा की नई सुपरहीरो फिल्म 'मिराई' की रिलीज डेट बदल गई है। यह फिल्म पहले 5 सितंबर, को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 12 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इसका ट्रेलर 28 अगस्त को रिलीज होगा।


कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराई' एक एक्शन-एडवेंचर फंतासी फिल्म है। इस फिल्म को पीपल मीडिया फैक्ट्री ने बनाया है। फिल्म में तेजा सज्जा के साथ मांचू मनोज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि रितिका नायक, जयराम, जगपति बाबू, श्रिया सरन, राजेंद्रनाथ जुत्शी और पवन चोपड़ा सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म पवन कल्याण की 'दे कॉल हिम ओजी' और तेजा सज्जा की फिल्म 'मिराई' में कड़ी टक्कर हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ये दोनों फिल्में आसपास रिलीज होंगी। फिल्म 'मिराई' में भारी वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है। इसका संगीत गौरा हरि ने दिया है, जो पहले 'हनुमान' में भी तेजा के साथ काम कर चुके हैं।

'हनुमान' प्रशांत वर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित एक भारतीय तेलुगु भाषा की सुपरहीरो फिल्म है। प्राइमशो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म में तेजा सज्जा, अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार, राज दीपक शेट्टी और विनय राय मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म काल्पनिक गांव अंजनाद्री से है।

### भोजपुरी

# आलता और लाली के साथ हरितालिका तीज पर पियरी पहन सज गई रानी



भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी अपनी फिटनेस और सोशल मीडिया पोस्ट्स के कारण चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने जिम में वर्कआउट करते हुए एक वीडियो साझा किया, जिसमें वे 60 के दशक के मशहूर गाने पर लिप्सिंग करती नजर आईं। साथ ही दूसरा वीडियो हरितालिका तीज का शेयर किया है।

भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी हमेशा से ही अपनी दमदार अदाकारी के साथ-साथ सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने के लिए जानी जाती हैं। चाहे वो फिल्म के सेट से कोई बिहाइंड द सीन्स वीडियो हो या फिर उनकी फिटनेस जर्नी की झलकियां... रानी अपने फैंस को हमेशा कुछ नया देने की कोशिश करती हैं। इन दिनों रानी अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दे रही हैं और जिम में जमकर पसीना बहा रही हैं। साथ ही दूसरा वीडियो हरितालिका तीज का शेयर किया है। इस वीडियो में रानी चटर्जी जिम के अंदर वर्कआउट मैट पर बैठी हुई नजर आ रही हैं। उन्होंने ब्लू कलर की स्पोर्ट्स जैकेट पहन रखी है और बाल खुले छोड़े हैं, जिससे उनका लुक और भी निखर कर सामने आ रहा है। वह कैमरे की ओर देखते हुए मिरर के जरिए वीडियो बना रही हैं और 90 के दशक के बेहद मशहूर गाने 'मुझसे जुदा होकर' पर लिप्सिंग करती दिख रही हैं। वीडियो में रानी का एक्सप्रेशन ऐसा है मानो वह गाने के हर शब्द को महसूस कर रही हो।




रंगीन धारियाँ आज के फ़ैशन का अहम हिस्सा है। विभिन्न रंगों की समानांतर रेखाएँ परिधानों में एक अलग आकर्षण छोड़ती हैं। इन्हें कैज़ुअल या फ़ॉर्मल के रूप में स्टाइल किया जा सकता है और धारियों की दिशा, चौड़ाई और स्थान को ध्यान में रखते हुए ये सभी प्रकार के फिजिक के लिए सही हैं। इस पैटर्न का स्थायी आकर्षण बोल्ड, कैंडी-धारीदार डिज़ाइनों से लेकर अधिक सूक्ष्म, असममित डिज़ाइनों तक, अनगिनत विविधताओं और रचनात्मक संयोजनों की अनुमति देता है।

# लाल-हरी चूड़ियों के साथ बेहद खूबसूरत लगेंगे कंगन



त्योहारों के मौके पर महिलाएं साज-श्रृंगार करना काफी पसंद करती हैं। साड़ी और सूट के साथ, महिलाएं कई तरह की एक्सेसरीज भी स्टाइल करती हैं। खासकर, तीज के त्योहार पर चूड़ियां पहनना काफी ट्रेंड में रहता है। इस मौके पर महिलाएं, लाल-हरे रंग के सलवार-सूट या साड़ियां पहनना पसंद करती हैं। इनके साथ चूड़ियां काफी खूबसूरत लगती हैं। लाल-हरी चूड़ियों के साथ कंगन के कई डिजाइंस पहन सकती हैं। इससे आपके हाथों की शोभा बढ़ जाएगी। कंगन, चूड़ियों के साथ काफी अच्छे लगते हैं और इससे हाथ भी खूबसूरत नजर आते हैं। यहां हम आपको कंगन के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस दिखा रहे हैं, जिन्हें आप चूड़ियों के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

## पिक्चर आर्ट कंगन डिजाइन

अगर आप फैंसी कंगन में कोई सिंपल दिखने वाले डिजाइन ढूंढ रही हैं तो इस तरह के मां लक्ष्मी या राधा-कृष्णा वाले डिजाइन की पिक्चर आर्ट कंगन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको नग वाले भी काफी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के कंगन डिजाइंस, सूट और साड़ी के साथ बेहद खूबसूरत लगेंगे। आप चूड़ियों के साथ इन्हें पेयर करके भी पहन सकती हैं या बिना चूड़ियों के भी ये हाथों में खूबसूरत लगेंगे। इस तरह के कंगन आपको मार्केट में 300-400 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

## स्टोन वर्क कंगन डिजाइंस

आजकल मार्केट में कलरफुल स्टोन डिजाइंस को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। इस तरह की कंगन में ज्यादातर मैरून और ग्रीन कलर के साथ में पर्ल वर्क को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। पर्ल वर्क वाले इस तरह के कंगन चूड़ियों के साथ बेहद सुंदर लगते हैं। अगर आपकी शादी के बाद पहली तीज है, तो इस तरह के कंगन आपको परफेक्ट लुक दे सकते हैं। इससे मिलते-जुलते कंगन आपको मार्केट में 400-500 रुपये में आसानी से मिल जाएंगे।

## डायमंड कंगन डिजाइन


अगर आप महंगे असल डायमंड कंगन पहनने में कम्फर्टेबल नहीं हैं या ये आपके बजट में नहीं आ पा रहे हैं, तो आप आर्टिफिशियल ज्वेलरी में भी बारीक स्टोन वाले कंगन को हाथों में पहन सकती हैं। सिंपल और क्लासी लुक देने के लिए इस तरह की स्टोन वाले कंगन काफी कम दाम के अंदर मार्केट में मिल जाएंगे। इस तरह के कंगन किसी भी रंग की साड़ी के साथ खूब जचेंगे।

# लहंगे के साथ ट्राई करें ये ब्लाउज डिजाइन, दिखेंगी बेहद खूबसूरत



त्योहारों और शादियों का मौसम आ रहा है ऐसे में महिलाएं अपने लिए लहंगों के अच्छे को सर्च जरूर कर रही होंगी। लेकिन लहंगे के साथ-साथ जरूरी है डिजाइनर ब्लाउज। जिन्हें सिलवाने के लिए हम इंटरनेट पर कई सारी चीजें सर्च करते हैं। फिर उनमें से कुछ डिजाइन चूज करते हैं और वैसा ही ब्लाउज बनवाने या फिर खरीदने के लिए मार्केट जाते हैं। अगर आप भी इसी तरह अपने लिए परफेक्ट ब्लाउज सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप यहां बताए गए ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। ये बेस्ट हैं और आप इन्हें पहनकर बेहद खूबसूरत नजर आएंगी।

## यू शेप नेकलाइन ब्लाउज डिजाइन



इस तस्वीर में जो आपको ब्लाउज डिजाइन नजर आ रहा है उसे आप अपने लहंगे के साथ रीक्रिएट कर सकती हैं। इस तरह सिंपल होते हैं लेकिन पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं। इस तरीके के गले वाली ब्लाउज को आप आगे से और पीछे दोनों तरफ से डीप रख सकती हैं। आप चाहे तो पीछे की तरफ इसमें फैंसी झालर लगा सकती हैं।साथ ही आप चाहे तो पीछे हुक वाला ब्लाउज या फिर आगे हुक वाला ब्लाउज अपने लहंगे के साथ बनवा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज आपको बाजार में भी मिल जाएंगे और आप इन्हें स्टिच भी करवा सकती हैं। स्टिच करवाने पर आपको 1000 रुपये से 1500 रुपये तक टेलर की फीस चुकानी पड़ सकती है।

## कोटी स्टाइल ब्लाउज डिजाइन



अगर आपको रॉयल लुक क्रिएट करने का मन है तो इसके लिए आप कोटी स्टाइल ब्लाउज (लहंगे के साथ बैकलेस ब्लाउज करें स्टाइल) को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप हिना खान के इस ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज बनवाने के लिए सबसे अच्छा कपड़ा होता है वेलवेट का। जिसमें हैवी एम्ब्राइडरी वर्क हुआ होता है। इस तरीके के ब्लाउज को भी आप अपने लहंगे के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसके साथ आपको फिर कोई भी हैवी ज्वेलरी स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ती है। इस तरह के ब्लाउज आपको अपने टेलर से ही बनवाने पड़ेंगे, जिसके लिए आपको 500 से 1000 रुपये देने होंगे।


# त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है ग्लिसरीन



अगस्त का महीना चल रहा है। इस मौसम में कभी बारिश हो रही है तो कभी तेज धूप निकल रही है। बदलते इस मौसम का सीधा प्रभाव लोगों की त्वचा पर पड़ने लगा है। इस बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप त्वचा का ध्यान रखने के लिए कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं ग्लिसरीन की, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा काफी ग्लोइंग हो जाएगी।

अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। आज के इस लेख में हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप ग्लिसरीन में मिलाकर कर सकते हैं। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिंपल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसके इस्तेमाल से आपका चेहरा ग्लो करेगा। ग्लिसरीन आपको बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। रोजाना इसके इस्तेमाल से आपको कई फायदे मिलते हैं। ग्लिसरीन का इस्तेमाल करके आप त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं।

# अनार देता है चमकता चेहरा, और भी बहुत कुछ



अनार आपको सेहत देता है लेकिन खूबसूरत त्वचा के लिए अनार के छिलके भी खूब काम आते हैं। दरअसल, अनार के छिलके में प्रोटीन, मिनरल्स, पोटैशियम, कैल्शियम, फेनोलिक एसिड, फ्लेवेनोइड्स, टैनिन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। ऐसे में आप इन छिलकों का इस्तेमाल करके दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

## पिंपल्स को करता है दूर

लगातार बढ़ते धूल और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर पिंपल्स की समस्या तो जैसे बेहद आम हो गई है। ऐसे में आप अनार के छिलकों का इस्तेमाल करके इस समस्या से राहत पा सकते हैं। पिंपल्स को दूर करने के लिए आपको सबसे पहले अनार के छिलकों को सुखा लेना है। इसके बाद इन सूखे हुए अनार के छिलकों को एक पैन में अच्छे से भून लें। छिलकों को भून कर ठंडा करें और मिक्सी में पीस लें। इस मिक्सचर में नींबू का रस या गुलाब जल डालकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको असर दिखने लगेगा।

## रूसी डैंड्रफ से दिलाए राहत

अगर आप रूसी से काफी परेशान हैं तो इससे अनार के छिलके आपको राहत दिला सकते हैं। इसका इस्तेमाल आप आसानी से घर पर ही कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको अनार के छिलकों के पाउडर को अपने किसी भी तेल के साथ अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद इस तेल को बालों में रात भर के लिए लगाकर छोड़ दें। कुछ ही दिन में आप देखेंगे कि रूसी खत्म हो रही है।

## सनस्क्रीन की तरह करता है काम

सनस्क्रीन काफी महंगी आती है। ऐसे में अगर आप चाहें तो अनार के छिलकों का इस्तेमाल सनस्क्रीन की तरह कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस अनार के छिलकों का पाउडर किसी भी मॉइस्चराइजर में मिलाना है और इसे अपने शरीर पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

कार्नर न्यूज

## ब्यूटीशियन है सफल करियर का प्रतीक, खुल जाते हैं सुनहरे भविष्य के द्वार

# नए दौर में बदल रहे हैं ब्यूटीशियन होने के मायने

वे दिन गए जब लोग या युवा ब्यूटीशियन को कमतर मानते थे और वे इस करियर में नहीं आना चाहते थे। अब, यह नई पीढ़ियों के बीच सबसे अच्छे और सबसे फायदेमंद करियर विकल्पों में से एक है। बड़ी संख्या में युवा इस क्षेत्र को चुन रहे हैं। ब्यूटी थेरेपिस्ट या ब्यूटीशियन कैसे बनें, इसके बारे में आपको प्राथमिक बिंदु पता होना चाहिए कि ब्यूटीशियन कौन है।

## ब्यूटीशियन या ब्यूटी थेरेपिस्ट कौन है?

ब्यूटीशियन वह व्यक्ति होता है जो किसी व्यक्ति के रूप-रंग को निखारने के लिए कार्य या उपचार करता है। ऐसे पेशेवर के पास सौंदर्य उपचार के बारे में व्यापक विचार होता है। एक सौंदर्य चिकित्सक सौंदर्य सेवाएं (वैक्सिंग, बाल हटाना, मैनीक्योर, पेडीक्योर, फेशियल और त्वचा उपचार) प्रदान करता है। क्या आप एक महत्वाकांक्षी हेयर स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट हैं, जो सौंदर्य उद्योग की बढ़ती और आकर्षक दुनिया में अपना रास्ता बनाना चाहते हैं? तो फिर सीखने, बढ़ने और खुद को एक सफल सौंदर्य पेशेवर के रूप में स्थापित करने की रोमांचक यात्रा शुरू करने का समय आ गया है।



आप मेकअप, हेयरकटिंग, स्टाइलिंग, कलरिंग, बाल और चेहरे के उपचार, त्वचा की देखभाल, नाखून की देखभाल और नेल आर्ट, स्पा जैसी वेलनेस थेरेपी, त्वचा कायाकल्प आदि में प्रशिक्षण का विकल्प चुन सकते हैं। आप बुनियादी शिक्षा से भी शुरुआत कर सकते हैं और फिर अपनी रुचि या करियर उद्देश्य के आधार पर सौंदर्य के किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। या, आप सीधे एक विशिष्ट कार्यक्रम से शुरुआत कर सकते हैं और उसमें अपने कौशल और तकनीकों को निखार सकते हैं।

## पारस्परिक कौशल विकसित करें

सेवा उद्योग में होने के कारण आपका लगातार लोगों से संपर्क बना रहेगा। चाहे आप सैलून में, ब्यूटी क्लिनिक में या फ्रीलांस पेशेवर के रूप में काम करते हों, आपको ग्राहकों और साथियों के प्रति इंटरैक्टिव और उत्तरदायी होना चाहिए। एक सौंदर्य पेशेवर को कुछ आवश्यक पारस्परिक कौशल विकसित करने की आवश्यकता है:

फ़ोन कॉल, ईमेल और टेक्स्ट संदेशों के माध्यम से लोगों को जोड़ कर रखें। उनके साथ बातचीत करके और उनके उपचार और शैली प्राथमिकताओं, उत्पाद एलर्जी, बजट आदि के बारे में जानकर ग्राहक सेवा में विशेषज्ञ बनें। एक मिलनसार और आकर्षक व्यक्तित्व रखें, ग्राहकों का स्वागत करें और हर समय स्वागत करने वाला माहौल रखें। उपचार/सेवाओं के बारे में समझाते समय समझने वाला रवैया रखें लेकिन साथ ही व्यवहारकुशल और उत्साहवर्धक भी रहें।

## साधन संपन्न बनें

सौंदर्य उद्योग लगातार विकसित हो रहा है। यदि आप एक पेशेवर के रूप में विकसित होना चाहते हैं और अपने ग्राहकों के लिए विशेषज्ञ बनना चाहते हैं, तो आपको बाजार के रुझान और स्टाइल विचारों, नवीन उपचारों और नए उत्पादों के बारे में जानना होगा। जानकारीपूर्ण और जानकार होने से आप खेल में आगे रहेंगे।

अपने व्यावसायिक कौशल को निखारें

यदि आप अपना खुद का व्यवसाय चलाना चाहते हैं या स्व-रोज़गार पेशेवर बनना चाहते हैं, तो आपको व्यवसाय और प्रशासनिक कौशल भी हासिल करने की आवश्यकता है जैसे नियमित ग्राहकों को उपचार, उत्पाद और अपसेल बेचने की क्षमता।अन्य कार्यों के साथ-साथ विक्रेता प्रबंधन, नियुक्तियाँ, इन्वेंट्री नियंत्रण और आपूर्ति जैसे दैनिक व्यवस्थापक कार्यों को संभालें। बाजार में बदलाव और अपनी प्रतिस्पर्धा की पूरी समझ रखें।

**एक विशेषज्ञ बनें**

अंतिम, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, सर्वश्रेष्ठ सौंदर्य संस्थान में सही शिक्षण उपकरणों के साथ खुद को प्रशिक्षित करें। उद्योग के पेशेवरों से सीखें और अपनी प्रशिक्षण अवधि के दौरान जितना संभव हो उतना अभ्यास करें। अपने कौशल से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए आप जो भी करते हैं उसमें विशेषज्ञ बनें। ओरेन ब्यूटी इंस्टीट्यूट में, आप ढेर सारे पाठ्यक्रमों में से चुन सकते हैं। विभिन्न सौंदर्य पाठ्यक्रमों के बारे में जानने के लिए हमारे 'कोर्स खोजें' अनुभाग पर जाएँ, जिन्हें आप खोज सकते हैं।

